● सीधी, सिंगरौली, मऊगंज, रीवा एवं भोपाल से एक साथ प्रकाशित ● website-https://vindhyatiger.in ● epaper-https://epaper.vindhyatiger.in ● वर्ष : 37, अंक 185, पृष्ठ : 08, सीधी, गुरूवार, 14 अगस्त 2025 - मूल्य : 2.00 रुपया मात्र



दैनिक समाचार पत्र

# विन्ध्य टाइगर

हक की बात, बुलंदी के साथ



महाराष्ट्र में मीट बैन पर अजीत पवार ने उठाये सवाल 5

आईसीसी रैंकिंग में रोहित ने बाबर को पीछे छोड़ा 6

## पीएम मोदी के नेतृत्व में भारत बना शक्तिशाली राष्ट्र, अब सहन नहीं होगा अन्याय: डॉ. यादव

### मुख्यमंत्री इंदौर में हर घर तिरंगा, हर घर स्वच्छता अभियान की यात्रा में हुए शामिल

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत शक्तिशाली राष्ट्र के रूप में उभरा है। अब अन्याय सहन नहीं किया जाएगा। हमारी जांबाज सेना ने दुश्मनों को मुंहतोड़ जवाब देकर भारत की शक्ति का परिचय कराया है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव बुधवार इंदौर में फ्रहर घर तिरंगा, हर घर स्वच्छताफ्र अभियान की विशाल यात्रा में शामिल हुए। पूरा शहर राष्ट्र की आन-बान-शान तिरंगे के रंग में रंग गया। देशभक्ति के जोश और जुनून का अद्भुत वातावरण देखने को मिला। शहर देशभक्ति गीतों और वंदे् मातरम तथा भारत माता की जय के नारों से गूंज उठा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव



और यात्रा का जगह-जगह भव्य स्वागत किया गया, जिसमें हजारों नागरिक सहभागी बने। समाज के हर वर्ग, हर जाति, हर धर्म के लोग जोश और जुनून के साथ शामिल हुए। नगरीय विकास एवं आवास मंत्री श्री कैलाश विजयवर्गीय, जल संसाधन मंत्री श्री तुलसीराम सिलावट, सांसद श्री शंकर लालवानी, महापौर श्री पुष्यमित्र भार्गव, विधायकगण श्री रमेश मेंदोला, श्री गोलू शुक्ला, श्रीमती मालिनी गौड़, श्री महेंद्र हार्डिया, श्री मनोज पटेल, श्री मधु वर्मा, पूर्व विधायक श्री जीतू जिराती तथा श्री सुदर्शन गुप्ता, अनुसूचित जाति वित्त विकास निगम के अध्यक्ष श्री सावन सोनकर, सफाई कामगार आयोग के अध्यक्ष श्री प्रताप करोसिया, श्री सुमित मिश्रा तथा श्री श्रवण चावड़ा सहित अन्य जनप्रतिनिधि भी साथ थे।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि भारत विश्व का सबसे बड़ा लोकतांत्रिक देश है। यहां के नागरिकों को लोकतांत्रिक व्यवस्था तथा लोकतंत्र के प्रहरियों का सम्मान करना चाहिए। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी के नेतृत्व में हमारे तिरंगे की आन, बान और शान पहले से कहीं अधिक बुलंद हुई है। यह हमारे लिए गौरव का विषय है कि 15 अगस्त को हमारा देश 79वां स्वतंत्रता दिवस मनायेगा। इस अवसर को अविस्मरणीय बनाने के लिए हर घर तिरंगा, हर घर स्वच्छता अभियान शुरू किया गया।

इस अभियान के माध्यम से राष्ट्रीय पर्व को राष्ट्रीय उत्सव के रूप में मनाने के लिए सभी जिलों में तिरंगा यात्रा निकाली जा रही है। प्रधानमंत्री श्री मोदी के संकल्पों को मूर्त रूप देने के लिए जन-जन तक स्वच्छता की अलख जगाई जा रही है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने डिजिटल इंडिया के सपने को साकार करते हुए इंदौर नगर निगम के स्मार्ट इंदौर हेल्पलाइन (वाट्सएप चेटबॉट सेवा) का शुभारंभ भी किया।

## चीनी विदेश मंत्री सोमवार को भारत दौरे पर आएंगे

### सीमा मुद्दे पर एनएसए डोभाल के साथ करेंगे वार्ता

**नई दिल्ली।** चीन के विदेश मंत्री वांग यी सोमवार को भारत आ रहे हैं। वह राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (एनएसए) अजीत डोभाल के साथ सीमा मुद्दे पर विशेष प्रतिनिधि (एसआर) तंत्र के तहत वार्ता करेंगे। आधिकारिक सूत्रों ने यह जानकारी दी।



वांग यी का यह दौरा ऐसे समय में हो रहा है, जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की भी चीन के तियानजिन शहर की यात्रा तय है। प्रधानमंत्री शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के वार्षिक शिखर सम्मेलन में भाग लेंगे। सूत्रों ने बताया कि वांग यी का भारत दौरा मुख्य रूप से सीमा विवाद को लेकर अगले दौर की विशेष प्रतिनिधि वार्ता को लेकर होगा।

सीमा से जुड़े मुद्दों पर वार्ता के लिए वांग यी और अजीत डोभाल दोनों को अपने-अपने देशों का विशेष प्रतिनिधि नियुक्त किया गया है। डोभाल पिछले साल दिसंबर में चीन गए थे और वहां उन्होंने वांग यी के साथ विशेष प्रतिनिधि वार्ता की थी। कजान (रूस) में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग के बीच बैठक हुई थी, जिस दौरान वार्ता के विभिन्न तंत्रों को दोबारा शुरू करने का फैसला लिया गया था।

भारत और चीन के संबंधों में यह गर्माहट ऐसे समय में देखने को मिल रही है, जब अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भारतीय सामानों पर 50 फीसदी टैरिफ लगाया है। ट्रंप के 50 फीसदी टैरिफ के एलान के बाद डोभाल ने रूस का भी दौरा किया था और राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से मुलाकात की थी। भारत और चीन के बीच जून, 2020 में लद्दाख की गलवां घाटी में हिंसक झड़प हुई थी, जिसके बाद से दोनों देशों के संबंध निचले स्तर पर पहुंच गए थे। हालांकि, पिछले कुछ महीनों में संबंधों में सुधार दिखा है।

## डोभाल के बाद जयशंकर भी रूस जाएंगे

### ट्रंप की धमकियों और टैरिफ वॉर के बीच विदेश मंत्री का अहम दौरा

**नई दिल्ली।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा भारत पर 50 प्रतिशत टैरिफ लगाए जाने के बाद भारत और रूस के संबंधों में काफी करीबी देखी जा रही है। हाल ही में भारत के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल ने रूस का दौरा किया था और वहा मॉस्को में रूसी राष्ट्रपति पुतिन के साथ ही कई शीर्ष नेताओं से मुलाकात की थी। अब खबर आई है कि भारतीय विदेश मंत्री डॉ. एस जयशंकर भी जल्द रूस दौरे पर जाएंगे और वहां रूसी विदेश मंत्री सर्गेई लावारोव से मुलाकात करेंगे। रूसी विदेश मंत्रालय ने सोशल मीडिया पर



साझा एक पोस्ट में बताया कि भारतीय विदेश मंत्री एस जयशंकर और रूसी विदेश मंत्री सर्गेई लावारोव के बीच 21 अगस्त को मॉस्को में बैठक होगी। इस बैठक में अंतरराष्ट्रीय ढांचे के अंतर्गत कई अहम मुद्दों पर सहयोग को लेकर चर्चा होगी। साथ ही दोनों देशों के द्विपक्षीय संबंधों पर भी बातचीत होगी। इस वर्ष के अंत में रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन भारत यात्रा पर आ सकते हैं। ऐसे में दोनों नेताओं की मुलाकात में पुतिन के दौरे की तैयारियों पर भी बात हो सकती है।

विदेश मंत्री जयशंकर का रूस दौरा ऐसे समय हो रहा है, जब भारत और अमेरिका के संबंधों में थोड़ी तल्खी आई है। यह तल्खी अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा भारत पर 50 प्रतिशत टैरिफ लगाए जाने के बाद हुई है। अमेरिका ने रूस से तेल खरीदने और यूक्रेन युद्ध को कथित तौर पर बढ़ावा देने के चलते भारत पर टैरिफ लगाया है।

## मुख्यमंत्री आज मंडला में बलराम जयंती समारोह में होंगे शामिल

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव आरडी कॉलेज मंडला में आयोजित कृष्ण भ्राता, कृषि देवता भगवान बलराम जयंती समारोह में शामिल होंगे और मुख्यमंत्री किसान कल्याण योजना में प्रदेश के करीब 83 लाख किसानों के खातों में 1671 करोड़ रूपए की राशि सिंगल क्लिक के माध्यम से अंतरित करेंगे। इसमें मंडला जिले के 01 लाख 39 हजार 197 किसानों को 28.11 करोड़ रूपए की राशि अंतरित होगी। इसके साथ ही मुख्यमंत्री डॉ. यादव 226.12 करोड़ रूपए की लागत के कुल 24 विकास कार्यों का भूमिपूजन एवं लोकार्पण करेंगे।

## चुनाव आयोग पर आरोपों को लेकर अनुराग ठाकुर का कांग्रेस पर तंज

**नई दिल्ली।** लोकसभा नेता प्रतिपक्ष और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी के चुनाव आयोग पर आरोपों पर भाजपा सांसद अनुराग ठाकुर ने जमकर पलटवार किया। उन्होंने बुधवार को कहा, कल कुछ कांग्रेस के लोग कह रहे थे कि राहुल गांधी और विपक्ष के नेताओं ने बवंडर खड़ा किया। बवंडर नहीं, ब्लंडर है। जितने आरोप आज तक लगाए, मैं राहुल जी को यही कहूंगा कि धूल चेहरे पर थी और आप आईना साफ करते रहे। अनुराग ठाकुर ने कहा, अगर किसी के नेतृत्व में 90 बार चुनाव हारने का रिकॉर्ड है, तो वह राहुल गांधी के नेतृत्व में है। पार्टी के अंदर



भी राहुल गांधी के नेतृत्व पर सवाल उठते हैं। जब वह चुनाव हारते हैं, तो ईवीएम पर सवाल उठाते हैं या मतदाताओं को दोषी ठहराते हैं। कांग्रेस ने कहा कि भाजपा के लिए ईवीएम में हेराफेरी की गई है। फिर उन्होंने कहा कि ईवीएम पर प्रतिबंध लगाओ, मतपत्र वापस लाओ। फिर उन्होंने कहा कि ईवीएम को रिमोट से हैक किया जा सकता है। हर हार के बाद कांग्रेस नए बहाने ढूंढती रही। कांग्रेस ने आत्मचिंतन नहीं किया, बल्कि बार-बार ईवीएम, चुनाव आयोग और संवैधानिक संस्थाओं को दोष देती रही। बिहार चुनाव हारते देख कांग्रेस पहले ही विपक्षी दलों के साथ मिलकर झूठे आरोप लगाने में जुट गई है।

अनुराग ठाकुर ने कहा, अगर हम 1952 से शुरुआत करें तो कांग्रेस और सीपीआई ने मिलकर संविधान निर्माता और संत समान नेता डॉ. भीमराव अंबेडकर को चुनाव में हराया था। कांग्रेस ने 1952 के पहले ही चुनाव में चुनावी भ्रष्टाचार की नींव रखी थी।

## पुरी के जगन्नाथ मंदिर को मिली आतंकी हमले की धमकी

**नई दिल्ली।** पुरी के जगन्नाथ मंदिर पर अंतकी हमले की धमकी मिली है। पुलिस के अनुसार ओड़िया भाषा में लिखी गई यह धमकी भरा दो पोस्टर मां बुढ़ी ठाकुराणी मंदिर की दीवार पर मिला। पुलिस ने इस मामले की जांच शुरू कर दी है। दीवार पर मिले एक पोस्टर में धमकी लिखी थी, आतंकवादी श्रीमंदिर को ध्वस्त कर देंगे। मुझे बुलाओ, वरना विनाश हो जाएगा। पुरी के एक निवासी ने बताया कि मंदिर की दीवार पर कई फोन नंबर लिखे हैं। साथ ही पीएम मोदी, दिल्ली जैसे शब्द भी लिखे हैं। घटनास्थल का दौरा करने वाले पुरी के एसपी पिनाक मिश्रा ने कहा कि हमने मामले का संज्ञान लिया है और इसे बेहद गंभीरता से ले रहे हैं।

## वोट चोरी के आरोप पर मंत्री विश्वास सारंग का पलटवार

### बोले-कांग्रेस झूठ और फरेब की राजनीति कर रही हैं

**भोपाल।** मध्य प्रदेश के सहकारिता और युवा कल्याण मंत्री विश्वास सारंग ने कांग्रेस और राहुल गांधी पर



तीखा हमला बोलते हुए कहा कि विपक्ष देश के लोकतंत्र और संवैधानिक संस्थाओं को बदनाम करने की मुहिम चला रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस के पास एक ऐसी टीम है जो वोट चोरी जैसे सनसनीखेज शब्दों का इस्तेमाल कर जनता के बीच भ्रम फैलाने का काम करती है। सारंग ने कहा कि आजादी के बाद लंबे समय तक जनता ने कांग्रेस को जनादेश दिया, लेकिन कांग्रेस जब भी सत्ता में रही, उसने लोकतंत्र को नुकसान पहुंचाने का काम किया। उन्होंने उदाहरण देते हुए कहा कि 1952 में डॉ. भीमराव आंबेडकर को हराने के लिए कांग्रेस ने षड्यंत्र रचा और 74 हजार से ज्यादा वोट खारिज करवाए, जबकि आंबेडकर मात्र 14 हजार वोटों से हारे थे।

## मतदाता हितैषी है मतदाता सूची पुनरीक्षण प्रक्रिया, सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट की अहम टिप्पणी

**नई दिल्ली।** बिहार में मतदाता सूची पुनरीक्षण के चुनाव आयोग के फैसले को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर सुप्रीम कोर्ट ने फिर से सुनवाई की। कोर्ट ने कहा कि मतदाता सूची के पुनरीक्षण में मतदाताओं से मांगे गए दस्तावेजों की संख्या 11 है, जबकि मतदाता सूची के सारांश पुनरीक्षण में 7 दस्तावेजों पर विचार किया जाता था। यह दर्शाता है कि यह मतदाता हितैषी है। सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को कहा कि बिहार में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के लिए



मतदाता के पास 11 दस्तावेजों का विकल्प है, जबकि पहले किए गए संक्षिप्त पुनरीक्षण में सात दस्तावेज मांगे गए थे, इससे यह साफ दिखता है कि प्रक्रिया मतदाताओं के लिए अनुकूल है।

इससे पहले न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची की पीठ ने चुनावी राज्य बिहार में विशेष पुनरीक्षण (एसआईआर) कराने के चुनाव आयोग के 24 जून के फैसले को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर सुनवाई की। पीठ ने कहा कि याचिकाकर्ताओं की इस दलील के बावजूद कि आधार को स्वीकार न करना अनुचित था, लेकिन अन्य दस्तावेजों के विकल्प भी दिए गए थे, जिससे ऐसा प्रतीत होता है कि प्रक्रिया वास्तव में सबको साथ में लेकर चलने वाली है। पीठ ने कहा, राज्य में पहले किए गए संक्षिप्त पुनरीक्षण में दस्तावेजों की संख्या सात थी और एसआईआर में यह 11 है, जो दिखाता है कि यह मतदाता के लिए ठीक या उचित है। हम आपकी दलीलों को समझते हैं कि आधार को स्वीकार न करना ठीक नहीं है, लेकिन दस्तावेजों की अधिक संख्या वास्तव में समावेशात्मक है। शीर्ष अदालत ने कहा कि मतदाताओं को सूची में शामिल 11 दस्तावेजों में से कोई एक जमा करना जरूरी था। याचिकाकर्ताओं की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता अभिषेक सिंघवी ने इस बात से असहमति जताई। उन्होंने कहा कि दस्तावेजों की संख्या भले ही ज्यादा हो, लेकिन उनका कवरेज सबसे कम है।

## राहुल गांधी के संपर्क में हैं चंद्रबाबू नायडू, पूर्व सीएम जगन मोहन रेड्डी ने लगाए गंभीर आरोप

**विशाखापत्तनम।** आंध्र प्रदेश के पूर्व सीएम और वाईएसआरसीपी के प्रमुख जगन मोहन रेड्डी ने दावा किया है कि सीएम चंद्रबाबू नायडू तेलंगाना के मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी के जरिए राहुल गांधी के संपर्क में हैं। जगन मोहन रेड्डी ने राहुल गांधी पर भी निशाना साधा और सवाल किया कि राहुल गांधी, वोट चोरी का मुद्दा जोर-शोर से उठा रहे हैं, लेकिन वे आंध्र प्रदेश में वोट चोरी का मुद्दा क्यों नहीं उठा रहे हैं? जगन मोहन रेड्डी ने दावा किया कि इसकी वजह ये



है कि राहुल गांधी, चंद्रबाबू नायडू के संपर्क में हैं। जगन मोहन रेड्डी ने कहा कि, जब राहुल गांधी वोट चोरी की बात करते हैं, तो वे आंध्र प्रदेश के बारे में बयान क्यों नहीं देते? जहां घोषित नतीजों और मतगणना के दिन के नतीजों के बीच 12.5 प्रतिशत वोटों का अंतर रहा।

## ब्रह्मोस है हमारे पास, उन्हें बकवास नहीं करनी चाहिए : ओवैसी

**नई दिल्ली।** ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन (एआईएमआईएम) प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी ने एक बार पाकिस्तान को जमकर खरी-खोटी सुनाई है। उन्होंने पाकिस्तान और उनके प्रधानमंत्री समेत अनाप-शनाप बयान देने वाले लोगों को चेतावनी भी दी। पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ के कथित बयान कोई पाकिस्तान से पानी की एक बूंद भी नहीं छीन सकता पर एआईएमआईएम सांसद असदुद्दीन ओवैसी ने कहा, ब्रह्मोस है हमारे पास... उन्हें ऐसी बकवास नहीं करनी चाहिए। ऐसी धमकियों का भारत पर कोई असर नहीं होगा।

## आज भी छाए रहेंगे बादल

### दिल्ली-एनसीआर में पूरे सप्ताह बरसेंगे बदरा, गर्मी और उमस से मिलेगी राहत

**नई दिल्ली।** दिल्ली एनसीआर में बारिश होने से मौसम सुहावना हो गया है। मंगलवार सुबह भी अधिकतर इलाकों में हल्की से मध्यम बारिश दर्ज की गई। दिन भर धूप व बादलों की लुकाछिपी का खेल चलता रहा। इससे गर्मी और उमस का अहसास नहीं हुआ।

इस सप्ताह भी हल्की से मध्यम बारिश जारी होने की संभावना है। सफदरजंग केंद्र पर 11 अगस्त सुबह 8ः30 बजे से 12 अगस्त सुबह 8ः30 बजे तक 018.7 मिमी बारिश दर्ज की गई। जबकि शाम 5ः30 बजे तक 000.2 मिमी बारिश दर्ज हुई। दिल्ली में मंगलवार को अधिकतम तापमान सामान्य से 0.5 डिग्री कम 33.7 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान सामान्य से 3.6 डिग्री कम 23.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। इस कारण से मौसम सुहावना बना रहा।

मौसम विभाग के पूर्वानुमान के अनुसार 13 अगस्त को भी बादल छाए रहेंगे और कुछ इलाको में हल्की बारिश हो सकती है। 14 अगस्त से 16 अगस्त के बीच बारिश की तीव्रता थोड़ी बढ़ने की संभावना है। 17 से 21 अगस्त तक बारिश में थोड़ी कमी आएगी।

राजधानी में सोमवार को हुई बारिश से दिल्लीवालों को प्रदूषित हवा से राहत मिली। ऐसे में मंगलवार को वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 94 दर्ज किया गया। यह हवा की संतोषजनक श्रेणी है।

## अग्निवीरों को संविदा पदों पर भर्ती में मिलेगा आरक्षण, धर्मांतरण कानून हुआ और सख्त

**देहरादून।** सीएम पुष्कर सिंह धामी की अध्यक्षता में आज कैबिनेट की बैठक संपन्न हुई। इस दौरान 26 प्रस्ताव पास किए गए। इस दौरान सरकार ने अग्निवीरों को संविदा पदों पर भर्ती में आरक्षण के प्रस्ताव पर मुहर लगा दी। अब अग्निवीरों को सेवाकाल पूरा होने पर समूह ग के वर्दीधारी पदों की सीधी भर्ती में 10 प्रतिशत क्षैतिज आरक्षण दिया जाएगा। इसमें अग्निवीरों का उत्तराखंड का मूल निवासी या स्थायी निवासी होना जरूरी है। बताया जा रहा है कि अगले वर्ष रिटायर होने के बाद 850 पदों पर भर्ती दी जाएगी। अग्निशमन व नागरिक पुलिस (कांस्टेबल/उपनिरीक्षक), कारागार पुलिस सेवा (बंदी रक्षक), वन विभाग (वन रक्षक), राजस्व पुलिस (पटवारी), आबकारी (पुलिस बल), परिवहन विभाग (पर्वतन दल)

इसके साथ ही सरकार ने धर्मांतरण कानून और सख्त करने के लिए कानून में कुछ संशोधनों के प्रस्ताव को भी मंजूरी दी है। एक्ट में संशोधन कर सजा को 10 साल से बढ़ा कर 14 साल किया। कुछ मामलों में 20 साल तक सजा हो सकती है। जुर्माना राशि को 50 हजार से बढ़ा कर 10 लाख किया गया। उत्तराखण्ड परियोजना विकास एवं निर्माण निगम के ढांचे का पुनर्गठन और यूआईआईडीबी व डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी जलाशय के कार्यों के संपादन के लिए दो अतिरिक्त कार्यक्रम



इकाई का गठन। सहकारिता विभाग की अधिसूचना 23.07.2001 द्वारा नवगठित उत्तराखंड के सीमित संसाधनों के कारण उप्र सहकारी संस्थागत सेवामंडल नियमावली को विखंडित करते हुए सारी शक्तियां निबन्धक, सहकारी समितियां, उत्तराखण्ड में निहित की गई। लखवाड़ जल विद्युत परियोजना के प्रभावितों को नैनबाग के सर्किल रेट पर मुआवजा मिलेगा। राजकीय औद्योगिक आस्थानों में शेड/भूखंडों के आवंटन/ निरस्तीकरण/ स्थानांतरण/ किराया आदि के संबंध में एकीकृत प्रक्रिया में संशोधन को मंजूरी। उत्तराखंड राज्याधीन सेवाओं में समूह ग के सीधी भर्ती के वर्दीधारी पदों पर सेवायोजन हेतु सेवामुक्त अग्निवीरों को क्षैतिज आरक्षण नियमावली - 2025 मंजूर। उत्तराखंड उच्चतर न्यायिक सेवा (संशोधन), नियमावली 2025 मंजूर। उत्तराखंड भू सम्पदा नियामक प्राधिकरण (रेरा) के वार्षिक प्रतिवेदन 2023-24 को विधानसभा में सदन पटल पर रखे जाने को मंजूरी मिली। उत्तराखंड जल विद्युत निगम लिमिटेड, के वर्ष 2021-22 के वार्षिक वित्तीय प्रतिवेदन को विधानसभा पटल पर प्रस्तुत करने का मंजूरी। विद्युत अधिनियम, 2003 की धारा 104 (4) के अंतर्गत उत्तराखंड विद्युत नियामक आयोग के वित्तीय वर्ष 2023-24 के वार्षिक लेखा विवरण को विधानमंडल के पटल पर रखे जाने को मंजूरी। विद्युत अधिनियम, 2003 की धारा 105 के अंतर्गत उत्तराखंड विद्युत नियामक आयोग के वित्तीय वर्ष 2023-24 की वार्षिक रिपोर्ट को विधानमंडल के पटल पर रखे जाने को मंजूरी। विद्युत अधिनियम, 2003 की धारा 181 के अंतर्गत उत्तराखंड विद्युत नियामक आयोग द्वारा अधिसूचित किए गए विनियमों को अधिनियम की धारा - 182 के अतर्गत विधानमंडल के पटल पर रखे जाने को मंजूरी।

# पुलिस द्वारा भव्य बाइक तिरंगा रैली का किया गया आयोजन

सीधी

स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर बुधवार दिनांक 13 अगस्त 2025 को सीधी पुलिस के द्वारा भव्य बाइक तिरंगा रैली का आयोजन किया गया। यह रैली केवल एक आयोजन नहीं, बल्कि देशभक्ति, एकता और उत्साह का जीवंत प्रतीक बनी।

रैली में कलेक्टर श्री स्वरोचिष सोमवंशी, पुलिस अधीक्षक डॉ. रविंद्र वर्मा, जिला पंचायत सीईओ श्री अंशुमन राज, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री अरविंद श्रीवास्तव, एसडीएम श्री नीलेश शर्मा, उप पुलिस अधीक्षक मुख्यालय श्री अमन मिश्रा, परिवीक्षाधीन उप पुलिस अधीक्षक श्री सुजीत कड़वे, नवनियुक्त डीएसपी श्री शुभम जैन, रक्षित निरीक्षक श्री वीरेंद्र



कुमरे, थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक कन्हैया सिंह बघेल, थाना प्रभारी महिला थाना निरीक्षक रीता त्रिपाठी, निरीक्षक अरुणा द्विवेदी, थाना प्रभारी जमोड़ी उप निरीक्षक दिव्य प्रकाश त्रिपाठी सहित सीधी पुलिस के अन्य अधिकारी एवं जवान सम्मिलित हुए।

रैली का शुभारंभ कलेक्ट्रेट से हुआ और यह अस्पताल तिराहा, गांधी चौक, लालता चौक, पुराना हनुमान मंदिर, जामा मस्जिद, सम्राट चौक, पुलिस अधीक्षक कार्यालय होते हुए पुनः कलेक्ट्रेट में सम्पन्न हुई। पूरे मार्ग में डीजे पर बजती देशभक्ति की धुनों, हवा में लहराते शानदार तिरंगों और नागरिकों के जोशीले नारों ने माहौल को पूरी तरह देशप्रेम के रंग में रंग दिया।

विशेष रूप से, जिले के सभी थाना एवं चौकियों द्वारा भी अपने-अपने क्षेत्रों में भव्य तिरंगा बाइक रैली का आयोजन किया गया, जिसमें स्थानीय नागरिकों, युवाओं और पुलिस बल ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। इससे पूरे जिले में देशभक्ति की लहर और भी प्रबल हुई तथा स्वतंत्रता दिवस का उत्सव जन-जन तक पहुँचा।

इस आयोजन का उद्देश्य न केवल स्वतंत्रता दिवस का स्वागत करना था, बल्कि युवाओं में राष्ट्रप्रेम, अनुशासन और सामाजिक एकता की भावना को प्रबल करना भी था। सीधी पुलिस ने यह संदेश दिया कि देशभक्ति केवल शब्दों में नहीं, बल्कि कर्म और एकता के स्वरूप में प्रकट होती है।

## जिले में औसत वर्षा 987.2 मि.मी. दर्ज, सर्वाधिक वर्षा मझौली में

**सीधी।** अधीक्षक भू-अभिलेख ने बताया कि 13 अगस्त को सीधी जिले में 5.2 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज की गई है। तहसील रामपुर नैकिन में 0.0 मि.मी., चुरहट 17.2 मि.मी., गोपद बनास में 11.4 मि.मी., सिहावल में 0.0 मि.मी., बहरी में 0.0 मि.मी., मझौली में 6.0 मि.मी. और कुसमी में 2.1 मि.मी. वर्षा हुई है।

उल्लेखनीय है कि जिले में अब तक 987.2 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज हुई है। 01 जून से 13 अगस्त तक तहसील मझौली में सर्वाधिक वर्षा 1112.0 मि.मी. दर्ज की गई है। तहसील रामपुर नैकिन में 809.8, चुरहट में 942.0, गोपद बनास में 947.2, सिहावल में 1072.6 मि.मी., बहरी में 1061.1 मि.मी. और कुसमी में 966.0 मि.मी. औसत वर्षा हुई है जबकि गतवर्ष इसी अवधि में जिले में 751.5 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज हुई थी। गतवर्ष की तुलना में इस वर्ष 235.7 मि.मी. औसत वर्षा अधिक हुई है।

# अपर कलेक्टर एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ने पुलिस परेड ग्राउंड का किया निरीक्षण

## स्वतंत्रता दिवस समारोह का अंतिम रिहर्सल सम्पन्न

**सीधी।** स्वतंत्रता दिवस समारोह के गरिमामय आयोजन के संबंध में अपर कलेक्टर श्री अंशुमन राज तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री अरविन्द श्रीवास्तव द्वारा पुलिस परेड ग्राउंड का निरीक्षण किया गया। उन्होंने समारोह स्थल की साफ-सफाई समतलीकरण, पार्किंग व्यवस्था, सुरक्षा व्यवस्था, बैठक व्यवस्था, विद्युत व्यवस्था आदि के विषय में सभी सम्बन्धित अधिकारियों से जानकारी प्राप्त की तथा निर्देशित किया है कि सभी संबंधित अधिकारी दिए गये दायित्वों का पूरी गम्भीरता से पालन करना सुनिश्चित करें।

अपर कलेक्टर एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक के नेतृत्व में अंतिम रिहर्सल का आयोजन किया गया। स्वतंत्रता दिवस समारोह के मिनट टू मिनट कार्यक्रम के आधार पर सभी गतिविधियां की गईं।

इस अवसर पर उपखण्ड अधिकारी गोपद बनास नीलेश



शर्मा, उप पुलिस अधीक्षक श्री अमन मिश्रा, सहायक संचालक जनसंपर्क श्री मुकेश मिश्रा, जिला समन्वयक शिक्षा विभाग श्री राजेश तिवारी सहित संबंधित अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

## टाटा कालेज परिसर में एक दिवसीय युवा संगम का आयोजन 19 अगस्त को

**सीधी।** जिला रोजगार अधिकारी ने जानकारी देकर बताया है कि जिला प्रशासन सीधी के सहयोग से जिला रोजगार कार्यालय सीधी द्वारा शासन के निर्देशानुसार बेरोजगार युवक/युवितियों हेतु दिनांक 19.08.2025 को टाटा कालेज सीधी के परिसर में एक दिवसीय युवा संगम का आयोजन किया जा रहा है।

## स्वतंत्रता दिवस के मुख्य समारोह में प्रभारी मंत्री करेंगे ध्वजारोहण



**सीधी।** प्रदेश के कुटीर एवं ग्रामोद्योग राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) तथा सीधी जिले के प्रभारी मंत्री श्री दिलीप जायसवाल स्वतंत्रता दिवस 15 अगस्त को जिला मुख्यालय में आयोजित मुख्य समारोह के मुख्य अतिथि होंगे। प्रभारी मंत्री श्री जायसवाल स्थानीय पुलिस परेड ग्राउण्ड में प्रातः 9 बजे ध्वजारोहण करेंगे। स्वतंत्रता दिवस समारोह के आयोजन के सम्बन्ध में कलेक्टर कार्यालय द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार प्रातः 8.58 बजे मुख्य अतिथि का आगमन तथा मुख्य अतिथि द्वारा प्रातः 09 बजे ध्वजारोहण किया जायेगा। तदुपरांत प्रातः 9.10 बजे परेड का निरीक्षण एवं मार्चपास्ट किया जायेगा तथा प्रातः 9.20 बजे मुख्य अतिथि परेड कमान्डर एवं प्लाटून कमान्डर का परिचय प्राप्त करेंगे। प्रातः 9.25 बजे मुख्यमंत्री जी द्वारा संदेश वाचन का लाइव प्रसारण तथा प्रातः 9.56 बजे मुख्य अतिथि द्वारा बधाई संदेश का वाचन किया जायेगा। प्रातः 10.15 बजे सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुतियां होंगी। 10.35 बजे प्रतिभागियों तथा उत्कृष्ट कार्य हेतु शासकीय सेवकों को मुख्य अतिथि के द्वारा पुरस्कार प्रदान किया जायेगा।

## स्वतंत्रता दिवस को मदिरा का क्रय, विक्रय, परिवहन एवं वितरण प्रतिबंधित रहेगा

**सीधी।** कलेक्टर स्वरोचिष सोमवंशी द्वारा आदेश जारी किया गया है कि जिले की समस्त प्रकार की मदिरा दुकानें, मदिरा गोदाम, होटल बार (एफ.एल.-3), रेस्तरा बार (एफ.एल.-2), एवं देशी मद्य भण्डागार सीधी दिनांक 15 अगस्त 2025 को पूर्णतः बंद रहेंगी। उक्त अवधि में किसी भी प्रकार की मदिरा का क्रय, विक्रय, परिवहन एवं वितरण पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा। कलेक्टर ने आदेश का कड़ाई से पालन किया जाना सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं।

# शासकीय कन्या महाविद्यालय की छात्राओं ने निकाली तिरंगा यात्रा




**सीधी।** राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वाधान में शासकीय कन्या महाविद्यालय की छात्राओं ने दिनांक 13.08.2025 को महाविद्यालय परिसर से कलेक्ट्रेट तिराहे तक तिरंगा यात्रा निकालकर देश प्रेम, स्वच्छता के प्रति जागरूकता का संदेश स्लोगन और नारों के माध्यम से नगर वासियों को दिया। इस यात्रा में कन्या महाविद्यालय की लगभग 600 छात्राओं के साथ महाविद्यालय के प्राचार्य समस्त विभागों के प्राध्यापक एवं महाविद्यालय का समस्त स्टाफ शामिल हुआ। ''विजयी विश्व तिरंगा प्यारा, झंडा ऊंचा रहे हमारा'' की जयघोष के साथ पूरे उत्साह के साथ यह यात्रा ''हर घर तिरंगा, हर घर स्वच्छता'' का संदेश देते हुए कन्या महाविद्यालय परिसर में लौटकर पूर्ण हुई। महाविद्यालय के प्राचार्य ने छात्रों को स्वच्छता के महत्व के बारे में बताते हुए कहा कि एक स्वच्छ परिवेश ही स्वस्थ मस्तिष्क का निर्माण कर सकता है इसलिए हमें अपने महाविद्यालय और अपने आसपास के वातावरण को हरा भरा और स्वच्छ रखने का प्रयास करना चाहिए।

## प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस में स्वच्छता कार्यक्रम का आयोजन



**सीधी।** संजय गांधी स्मृति शासकीय महाविद्यालय सीधी में हर घर तिरंगा हर घर स्वच्छता कार्यक्रम के अंतर्गत 13 अगस्त 2025 को महाविद्यालय के पुराना भवन में स्वच्छता कार्यक्रम का आयोजन महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. राम नारायण स्वर्णकार की अध्यक्षता में एवं प्रोफेसर राकेश कुमार प्रजापति, संयोजक साफ़-सफ़ाई एवं स्वच्छता समिति के संयोजकत्व में सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राध्यापक डॉ. के.एस. नेताम, डॉ. अरविंद कुमार त्रिपाठी, डॉ. विनोद कुमार प्रजापति, डॉ. उमाकांत साहू, डॉ. रविन्द्र नाथ सिंह, डॉ. वरुण कुमार सिंह, डॉ. भोला सिंह, डॉ. अरुणा सिंह, डॉ. गुलाम मोहिउद्दीन, अतिथि विद्वान एवं बड़ी संख्या में छात्र छात्राएँ उपस्थित रहे।

## मझौली में एक बगिया मां के नाम एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित

**सीधी।** कलेक्टर श्री स्वरोचिष सोमवंशी एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्री अंशुमन राज के मार्गदर्शन में एक बगिया मां के नाम एकदिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम प्रज्ञा भवन मझौली में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जनपद पंचायत मझौली की जनपद अध्यक्ष सुनैना सिंह, अध्यक्षता सरपंच संघ के अध्यक्ष तिलकराज सिंह एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में जनपद सदस्य हाकिम सिंह, नीतू सिंह, उमा सिंह, अखिलेश जायसवाल, समाजसेवी आनंद सिंह एवं मुख्य



कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत मझौली धनंजय मिश्रा के द्वारा मां सरस्वती के प्रतिमा पर दीप प्रचलन करके कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। एक बगिया मां के नाम महत्वपूर्ण योजना है। हितग्राही मूलक योजना पूर्ण रूपेण से मनरेगा पोषित योजना है। कार्यक्रम में जनपद सदस्य सभी पंचायत के सभी पंचायत के सरपंच उप सरपंच एवं रोजगार एवं सभी संकुल स्तरीय संगठनों के अध्यक्ष एवं ग्राम संगठनों के पदाधिकारी उपस्थित थे। संपूर्ण योजना के बारे में प्रशिक्षण अशोक कुमार माथुर एपीओ मनरेगा, चंद्रकांत सिंह आजीविका मिशन प्रबंधक मझौली के द्वारा प्रदाय किया गया। प्रशिक्षण के माध्यम से सभी सरपंचों ने अपनी पंचायत में पांच पांच राशियों के चयन करने की अपनी सहमति व्यक्त की एवं योजना के बारे में कहा कि एक पहले योजना है जिस पर संपूर्ण अधिकार हितग्राही का होगा, सारी व्यवस्था करके काम करेगा एवं अपनी खर्च की राशि पंचायत के माध्यम से प्राप्त करेगा।

## प्रभारी मंत्री जायसवाल का दौरा कार्यक्रम जारी

**सीधी।** जिला सत्कार अधिकारी ने जानकारी देकर बताया है कि प्रदेश के कुटीर एवं ग्रामोद्योग राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) तथा जिले के प्रभारी मंत्री श्री दिलीप जायसवाल का दिनांक 14.08.2025 को रात्रि 11 बजे सीधी सर्किट हाउस आगमन तथा रात्रि विश्राम करेंगे। प्रभारी मंत्री श्री जायसवाल दिनांक 15.08.2025 को सुबह 8.50 बजे सर्किट हाउस से पुलिस परेड ग्राउण्ड के लिए प्रस्थान करेंगे। वह सुबह 9 बजे पुलिस परेड ग्राउण्ड में 79वें स्वतंत्रता दिवस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में ध्वाजारोहण करेंगे। कार्यक्रम उपरांत प्रभारी मंत्री अन्य स्थानीय कार्यक्रमों में सम्मिलित होंगे। प्रभारी मंत्री दोपहर 3.30 बजे सीधी से बिजुरी जिला अनूपपुर के लिए प्रस्थान करेंगे।

## प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस में नशा मुक्ति शपथ कार्यक्रम का आयोजन

**सीधी।** मध्यप्रदेश शासन सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग द्वारा नशा मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत आमजन में नशे के दुष्परिणामों से बचाव एवं नशे की रोकथाम हेतु दिनांक 13 अगस्त 2025 को प्रातः 11 बजे से मुख्यमंत्री के मुख्य आतिथ्य में राज्य स्तरीय नशा मुक्त शपथ ग्रहण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का सीधा प्रसारण मध्यप्रदेश शासन के विभिन्न सोशल मीडिया अकाउंट



के माध्यम से किया गया। उक्त कार्यक्रम के सीधे प्रसारण को देखने की व्यवस्था महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. राम नारायण स्वर्णकार एवं कार्यक्रम संयोजक डॉ.आर.एस. भारती के द्वारा महाविद्यालय में की गई। कार्यक्रम का सीधा प्रसारण देखने हेतु महाविद्यालय के प्राध्यापक डॉ. के एस नेताम, डॉ. प्रभाकर सिंह, डॉ. अरविंद कुमार त्रिपाठी, डॉ. अरुणा सिंह, डॉ. विनोद कुमार साकेत, डॉ. राकेश कुमार प्रजापति, डॉ. रविन्द्र नाथ सिंह तथा अतिथि विद्वान एवं छात्र-छात्राएँ मौजूद रहे। कार्यक्रम के अंत में महाविद्यालय के प्राध्यापकगण एवं छात्र -छात्राओं ने यह शपथ लिया कि देश को नशामुक्त बनाने के लिए अपनी पूरी क्षमता से हर संभव प्रयास करूँगा।

# जिले में गृह प्रसव रोकने के लिए एक दिवसीय विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम संपन्न



**सीधी।** जिले में मातृ स्वास्थ्य को और अधिक सुदृढ़ बनाने के लिए सरकार की ओर से अनेक योजनाएं संचालित की जा रही हैं, फिर भी कुछ विकासखंडों में आज भी होम डिलेवरी एक गंभीर समस्या के समाधान के लिए राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, भोपाल के विशेष प्रयासों के तहत विकासखंड कुसमी और सेमरिया के सभी सीएचओ का बुधवार को एक दिवसीय केयर कम्पैनियन प्रोग्राम प्रशिक्षण का आयोजन एनएचएम सभा कक्ष में किया गया।

कार्यक्रम में विशेष सहयोग योसऐड इनोवेशन फाउंडेशन संस्था द्वारा प्रदान किया गया। इस अवसर पर सीएमएचओ, डीएचओ, मेडिकल ऑफिसर, डीपीएम, डीसीएम समेत सभी जिला अधिकारी उपस्थित रहे। प्रशिक्षण के गुणवत्ता मॉनिटरिंग के लिए स्टेट कंसल्टेंट पराग सोनी और सरीन काक भी मौजूद रहे।

सम्पूर्ण प्रशिक्षण सत्र का सफल संचालन डॉ. देवेंद्र शर्मा ने किया, जबकि जिला स्तर से एमएच कोऑर्डिनेटर और चिकित्साधिकारी डॉ. श्रेया ने विशेष सहयोग दिया।

सीएमएचओ डॉ. बबिता खरे ने कहा कि इस प्रशिक्षण के माध्यम से परिवारिक देखभाल कर्ताओं को सशक्त बनाकर मातृ स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता में उल्लेखनीय सुधार संभव है। उन्होंने उपस्थित सभी सीएचओ को इस दिशा में और अधिक सक्रिय भूमिका निभाने के निर्देश दिए।

## लीगल एड डिफेंस काउंसिल हेतु अधिवक्ताओं से आवेदन आमंत्रित

**सीधी।** सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने जानकारी देकर बताया कि विधिक सहायता के पात्र हितग्राहियों को दांडिक प्रकरणों में सक्षम विधिक सहायता उपलब्ध कराये जाने के उद्देश्य से राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली द्वारा लीगल एड डिफेंस काउंसिल सिस्टम अंतर्गत जिला मुख्यालय सीधी हेतु 01-पद चीफ लीगल एड डिफेंस काउंसिल, 02-पद डिप्टी चीफ लीगल एड डिफेंस काउंसिल, 03-पद असिस्टेंट लीगल एड डिफेंस काउंसिल हेतु स्वीकृत किये गये है। उक्त पदों पर अर्ह अधिवक्ताओं से आवेदन पत्र दिनांक 30 अगस्त 2025 को शाम 05:00 बजे तक कार्यालय जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जिला न्यायालय सीधी में आमंत्रित किये गये है। विस्तृत जानकारी के लिए कार्यालय जिला विधिक सेवा प्राधिकरण/तहसील विधिक सेवा समिति चुरहट/मझौली/रामपुर नैकिन एवं जिला न्यायालय की वेबसाइट में उपलब्ध है।

# किसान नैनो यूरिया की अधिकाधिक उपयोग करें : उप संचालक कृषि

## जिले में उर्वरक आपूर्ति निरंतर जारी

**सीधी।** उपसंचालक कृषि राजेश सिंह चौहान ने बताया कि जिले में यूरिया की लगातार पूर्ति की जा रही है। सिंगरौली (बैढ़न) रैक प्वाइंट से सीधे डबललांक सीधी 250 मै.टन, हड़बड़ो 250 मै.टन एवं समिति में 165 मै.टन समितियों को प्रदाय किया जा रहा है। डबललांक से किसान सीधे नगद से यूरिया प्राप्त कर रहे एवं प्रायवेट दुकानदार को भी 80 मै.टन प्रदाय किया गया जहाँ से भी किसान सीधी नगद से यूरिया प्राप्त कर सकते है। जिले में यूरिया खाद की आवक लगातार जारी है। किसान भाइयों से अनुरोध है कि जिले में यूरिया की किसी प्रकार की कोई कमी नहीं हैं आवश्यकतानुसार ही खरीदी



करे। 1-2 दिन में रीवा से यूरिया रैक डबललांक को प्राप्त होगी जिससे चुरहट और अमिलिया को लगभग 400 मै.टन यूरिया उपलब्ध की जायेगी।

खरीफ 2025 में बोनी अंतिम चरण में चल रही है। 90 प्रतिशत लगभग बोनी हो चुकी है। सीधी जिले खरीफ में धान मुख्य फसल है जिसकी रोपाई 90 प्रतिशत हो चुकी है। इस समय धान नाइट्रोजन उर्वरक की आवश्यकता है जिसकी पूर्ति मुख्य रूप से यूरिया एवं नैनो यूरिया से कर सकते है। उन्होंने किसान भाइयों से अपील की है कि किसान भाई यूरिया के स्थान पर नैनो यूरिया स्पे करें। नैनो यूरिया फसल के लिए अधिक प्रभावी है कम मात्रा में पर्याप्त पोषण देता है और लागत भी घटाता है । नैनो यूरिया का अधिक से अधिक उपयोग करे, जिसकी 500 एमएल की वाटल 225 रू. में आती है जो एक एकड़ के लिये पर्याप्त है नैनो यूरिया की अल्प मात्रा प्रभावी है इसके 5 मि.ली./लीटर पानी अर्थात 70 मि.ली. प्रति टंकी में डालकर पत्तियो में स्प्रे करने से बहुत ही अच्छे परिणाम आता है तथा सम्पूर्ण पौधे को उपलब्ध होता है। जबकि यूरिया खाद छिड़काव का लगभग 60 प्रतिशत पानी से बह जाता है, पौधे पूर्ण रूप से उपयोग नहीं कर पाते है।

## संपादकीय

### दिल्ली की कानून व्यवस्था पर बड़ा सवाल

दिल्ली की कानून व्यवस्था पर इससे बड़ा सवालिया निशान क्या होगा कि अति विशिष्ट इलाके में झपटमार एक महिला सांसद की चेन छीन कर भाग जाएं। इससे अंदाजा लगाया जा सकता है कि आम आदमी किस कदर असुरक्षित माहौल में रहने पर मजबूर है। सुरक्षा चाक-चौबंद होने के तमाम दावों के बावजूद दिल्ली में जिस तरह से पिछले कुछ वर्षों में झपटमारी, लूटपाट और हत्या की घटनाएं बढ़ी हैं, उससे पुलिस की कार्यशैली पर सवाल उठे हैं। यह हाल तब है जब दिल्ली में दो-दो सरकारें हैं और पुलिस सीधे केंद्र के नियंत्रण में है।ताज्जुब है कि अपराधियों पर नजर रखने के लिए अत्याधुनिक तकनीकी संसाधन होने पर भी अपराधों पर काबू नहीं पाया जा सका है। अगर दिल्ली पुलिस में पर्याप्त बल की अब भी कमी है, तो इसे पूरा करने की जिम्मेदारी किसकी है? गौरतलब है कि दिल्ली के चाणक्यपुरी जैसे अति विशिष्ट इलाके में सोमवार की सुबह सैर के लिए निकलीं तमिलनाडु की लोकसभा सांसद आर सुधा सरेआम झपटमारी की शिकार हो गईं। पोलैंड दूतावास के पास से गुजरते समय झपटमार उनसे सोने की चेन छीन कर भाग गया। छीना-झपटी के क्रम में उनके गले में चोट भी आई।दिल्ली के सबसे सुरक्षित माने जाने वाले इलाके में यह चौंका देने वाली घटना तो है ही, इससे पुलिस की कार्यशैली और उसके प्रभाव पर भी गंभीर सवाल उठते हैं। खासतौर पर ऐसे समय में, जब संसद सत्र चल रहा हो और इस दौरान दिल्ली के केंद्रीय हिस्से में सुरक्षा व्यवस्था सख्त मानी जाती है। मगर इस घटना के बाद यह कहा जा सकता है कि आम आपराधिक घटनाओं के समांतर दिल्ली में बहुस्तरीय सुरक्षा इंतजामों के घेरे वाले इलाके में भी अगर महिलाएं सुरक्षित नहीं हैं, तो देश के बाकी हिस्सों में क्या उम्मीद की जा सकती है? स्वाभाविक है कि इस घटना को गंभीरता से लेते हुए त्वरित जांच की उम्मीद की जानी चाहिए, लेकिन सवाल है कि कई दूतावासों वाले इलाके में भी पर्याप्त पुलिस बल की ऐसी मौजूदगी क्यों नहीं थी कि असामाजिक तत्त्वों से निपटा जा सके?

*ऐसे में हमें इस स्वतंत्रता दिवस भारत का एक मजबूत और समावेशी देश के तौर पर निर्माण करने की अपनी प्रतिबद्धता को एक बार फिर जागृत करने की जरूरत है। इस दिन राष्ट्र के नाम पर हम सभी एक संकल्प ले कि देश के सामने आने वाली हर चुनौती का सामना करने के लिए हम मिलकर काम करेंगे और अपने देश को न सिर्फ खुद के लिए, बल्कि 'वसुधैव कुटुंबकम' पर अमल करते हुए सभी के लिए एक बेहतर जगह, एक बेहतर देश बनाएंगे। जब हम 15 अगस्त समारोह मनाते हैं तो वास्तव में हम एक महान लोकतन्त्र के नागरिक होने का उत्सव भी मनाते हैं। हममें से हर एक की अपनी अलग पहचान है। जाति, पंथ, भाषा और क्षेत्र के अलावा, हमारी अपने परिवार और कार्य-क्षेत्र से जुड़ी पहचान भी महत्वपूर्ण होती है।*

# सेनानियों के बलिदानों से मिली थी हमें आजादी

(अजय चौरासे)

15 अगस्त 1947 के दिन, भारत ने ब्रिटिश शासन से स्वतंत्रता प्राप्त की और एक संप्रभु, लोकतांत्रिक तथा गणतंत्र राष्ट्र बन गया। इस अतिविशेष दिन पर हम अपने स्वतंत्रता सेनानियों के बलिदानों को याद करते हैं और उनका सम्मान करते हैं, जिन्होंने हमारी स्वतंत्रता के लिए अथक संघर्ष किया। उनका साहस और दृढ़ संकल्प हमें अपने देश के बेहतर और उज्जवल भविष्य के लिए प्रयास करने के लिए हमेशा प्रेरित करता रहेगा।

**परंपरा:** पिछले 78 वर्षों में हमारे राष्ट्र द्वारा की गई प्रगति पर भी डालें। इसमें कोई शक नहीं है कि इन बीते 78 वर्षों में हमने कई मील के पत्थर पार किए हैं और कई चुनौतियों को पार किया है, लेकिन हमें अभी भी सभी के लिए समानता, न्याय और समृद्धि सुनिश्चित करने के मामले में एक लंबा रास्ता तय करना है। ऐसे में हमें इस स्वतंत्रता दिवस भारत का एक मजबूत और समावेशी देश के तौर पर निर्माण करने की अपनी प्रतिबद्धता को एक बार फिर जागृत करने की जरूरत है। इस दिन राष्ट्र के नाम पर हम सभी एक संकल्प ले कि देश के सामने आने वाली हर चुनौती का सामना करने के लिए हम मिलकर काम करेंगे और अपने देश को न सिर्फ खुद के लिए, बल्कि 'वसुधैव कुटुंबकम' पर अमल करते हुए सभी के लिए एक बेहतर जगह, एक बेहतर देश बनाएंगे।

जब हम 15 अगस्त समारोह मनाते हैं तो वास्तव में हम एक महान लोकतन्त्र के नागरिक होने का उत्सव भी मनाते हैं। हममें से हर एक की अपनी अलग पहचान है। जाति, पंथ, भाषा और क्षेत्र के अलावा, हमारी अपने परिवार और कार्य-क्षेत्र से जुड़ी पहचान भी महत्वपूर्ण होती है। लेकिन हमारी एक पहचान ऐसी है जो इन सबसे ऊपर है और वह है- भारत का नागरिक होना। हम सभी, समान रूप से, इस महान देश के नागरिक हैं। हम सब को समान अवसर और अधिकार उपलब्ध हैं तथा हमारे कर्तव्य भी समान हैं।

यह दिन इस बात की भी मिसाल है कि किसी भी लक्ष्य को अगर सच्चे दिल से चाहो, तो उसे प्राप्त करना असंभव नहीं। यह दिन इसलिए भी खास है क्योंकि इससे हमारी वर्तमान पीढ़ी अपने पूर्वजों और शहीदों के द्वारा किए गए आजादी के संघर्ष से परिचित होती है और उसे इस बात का एहसास होता है कि आजादी किस्मत से नहीं मिलती है, बल्कि यह वो हक है, जिसे पाने के लिए अगर हमें अपना सबकुछ भी दांव पर लगाना पड़े, तो भी इससे पीछे नहीं हटना चाहिए।




इस दिन लहराते तिरंगे को देखते हुए और राष्ट्रगान गाते हुए जब हमारे सैनिक, हमारे शहीद हमें याद आते हैं, तो हर भारतीय के अंदर अद्वितीय रूप से देशभक्ति की भावना का संचार होता है। ऐसे में भारतीय स्वतंत्रता दिवस का महत्व इतना ज्यादा है कि इसे सीमित शब्दों में बयान किया जाना मुमकिन ही नहीं है। इसी के साथ मैं अपनी वाणी को विराम देता हूँ। जय हिंद, जय भारत! स्वतंत्रता दिवस हमारे देश के इतिहास में एक अति महत्वपूर्ण दिन है। यह वो दिन है जब भारत ने ब्रिटिश औपनिवेशिक शासन से स्वतंत्रता प्राप्त की और एक संप्रभु राष्ट्र बन गया। इस दिन, हम स्वतंत्रता, एकता और राष्ट्रवादी गौरव की भावना का जश्न मनाने के लिए एक साथ आते हैं जो हमारे देश की विविधता में एकता की सूक्ति को परिभाषित करता है।

**पृष्ठभूमि और महत्व:** महात्मा गांधी, जवाहरलाल नेहरू और सरदार पटेल जैसी शख्सियतों के नेतृत्व में भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन, ब्रिटिश औपनिवेशिक शासन से आजादी के लिए एक ऐसा अद्भुत अहिंसक संघर्ष था, जो लगभग तीन दशकों तक चला। 15 अगस्त 1947 को, भारत ने अंततः अपनी स्वतंत्रता प्राप्त की और एक संप्रभु राष्ट्र बन गया। स्वतंत्रता दिवस केवल औपनिवेशिक शासन से मुक्ति का उत्सव नहीं है, बल्कि यह एक नए राष्ट्र के जन्म का भी प्रतीक है। यह हमारे स्वतंत्रता सेनानियों द्वारा किए गए बलिदानों और हमारे स्वशासन के अधिकार के लिए लड़ने वाले हमारे पूर्वजों के संघर्षों को याद करने का दिन भी है। यह हमारे देश की विविधता और एकता का जश्न मनाने और सभी के लिए एक बेहतर भारत बनाने की हमारी प्रतिबद्धता हेतु संकल्प लेने का दिन है।

**अन्य देशों के स्वतंत्रता दिवस से तुलना:** भारत के स्वतंत्रता दिवस की तुलना अन्य राष्ट्रों के स्वतंत्रता दिवस से की जा सकती है जिन्होंने औपनिवेशिक शासन से स्वतंत्रता प्राप्त की। उदाहरण के लिए, 4 जुलाई को, संयुक्त राज्य अमेरिका अपना स्वतंत्रता दिवस मनाता है। यह वो दिन है जब 13 उपनिवेशों ने ब्रिटिश शासन से अपनी स्वतंत्रता की घोषणा की थी। इसी तरह, 14 जुलाई को, फ्रांस अपना राष्ट्रीय दिवस मनाता है, जिसे बैस्टिल दिवस के रूप में भी जाना जाता है, बैस्टिल जेल की क्रांति को फ्रांसीसी क्रांति की शुरुआत और फ्रांसीसी राजशाही के अंत की बुनियाद माना जाता है।

हालांकि, भारत का स्वतंत्रता दिवस इस मायने में अनूठा है कि यह लगभग 200 वर्षों के ब्रिटिश औपनिवेशिक शासन के अंत का प्रतीक है, जिसका, आज हम जिस भारत को जानते हैं, उसे आकार देने में, काफी गहरा प्रभाव पड़ा है। यह महात्मा गांधी जैसी शख्सियतों के नेतृत्व में एक अहिंसक संघर्ष भी था, जिन्होंने शांतिपूर्ण विरोध और सविनय अवज्ञा की वकालत की, जो दुनिया भर के अन्य स्वतंत्रता आंदोलनों की तुलना में एक अनूठा दृष्टिकोण था।

**स्वतंत्रता के बाद से भारत की यात्रा :** साल 1947 में स्वतंत्रता प्राप्त करने के बाद से, भारत ने सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक विकास के मामले में एक लंबा सफर तय किया है। भारत ने शिक्षा, स्वास्थ्य सेवा और बुनियादी ढांचे जैसे क्षेत्रों में महत्वपूर्ण प्रगति की है। हमने गरीबी, लैंगिक असमानता और जाति आधारित भेदभाव जैसे सामाजिक मुद्दों को खुल कर उठाया है और हमने इसमें प्रगति भी की है।

हालांकि, अभी भी कई ऐसी चुनौतियां हमारे सामने मुंह खोले खड़ी हैं जिन पर हमें जल्द से जल्द ध्यान देने की आवश्यकता है। भारत अभी भी भ्रष्टाचार, आर्थिक असमानता, प्रदूषण और सांप्रदायिक तनाव जैसे मुद्दों का सामना कर रहा है। मानवाधिकारों की सुरक्षा और देश में लोकतंत्र की स्थिति को लेकर भी बुद्धिजीवी वर्ग द्वारा लगातार चिंता जाहिर की जा रही है, जिसकी चाह कर भी अनदेखी नहीं की जा सकती है।

स्वतंत्रता दिवस हमारे देश के इतिहास में एक स्वर्णिम दिन है। यह एक नए देश के निर्माण, औपनिवेशिक नियंत्रण व अत्याचार के अंत और भारत के इतिहास में एक नए युग की शुरुआत का प्रतीक है। यह हमारे स्वतंत्रता सेनानियों द्वारा किए गए बलिदान को प्रतिबिंबित करने और हमारे पूर्वजों द्वारा देश की आजादी के लिए किए गए संघर्षों को याद करने का दिन है। यह इस बात पर विचार करने का भी दिन है कि स्वतंत्रता की और स्वतंत्रता के बाद की हमारी यात्रा अन्य देशों की तुलना में कैसी है। यह दिवस हमें एक राष्ट्र, एक झंडे के नीचे खड़े होकर भारत को किसी भी देश से एक बेहतर देश बनाने का संकल्प लेने का दिन है, फिर चाहे हम किसी भी रंग, जाति, धर्म, भाषा आदि के आधार पर एक दूसरे से भिन्न ही क्यों न हों। जय हिन्द, जय भारत। आजादी के लिए किए गए इन महान बलिदानियों की संघर्षों की गाथाएँ ओजस्वी नारे

लोकमान्य बालगंगाधर तिलक-स्वराज हमारा जन्मसिद्ध अधिकार है, और हम इसे लेकर रहेंगे।

नेताजी सुभाष चन्द्र बोस-तुम मुझे खून दो, मैं तुम्हें आजादी दूंगा।

शहीद भगत सिंह- जिंदा रहने की हसरत मेरी भी है लेकिन मैं कैद रहकर अपना जीवन नहीं बिताना चाहता।

शहीद भगत सिंह- बम और पिस्तौल से क्रांति नहीं होती। क्रांति की तलवार विचारों के पत्थर पर तेज होती है।

# क्या भारत को सिर्फ मोहरा बनाना चाहता है अमेरिका? दिग्गज अर्थशास्त्री की चेतावनी- भरोसा मत करो चीन पर

( अमित शुक्ला)

जाने-माने अर्थशास्त्री जेफरी सैक्स ने भारत को लेकर बड़ी चेतावनी दी है। उन्होंने भारत को अमेरिका पर तनिक भी भरोसा नहीं करने की सलाह दी है। साथ ही यह भी बताया है कि किस तरह अमेरिका चीन के खिलाफ भारत को मोहरा बनाना चाहता है। मीडिया के साथ पॉडकास्ट में जेफरी सैक्स ने भारत को लेकर अपनी राय साझा की। उन्होंने कहा कि अगर भारत यह सोचता है कि अमेरिका उसे एक सच्चा सहयोगी मानेगा तो वह खुद को धोखा दे रहा है। सैक्स के मुताबिक, अमेरिका के राजनेता भारत की बिल्कुल भी परवाह नहीं करते हैं। उनका भारत में सप्लाई चेन बनाने में कोई दीर्घकालिक रणनीतिक हित नहीं है। अमेरिका के भारी-भरकम टैरिफ और व्यापार वादों के रुकने से यह बात साफ हो जाती है। सैक्स ने क?वाड एलायंस में चीन के खिलाफ वाशिंगटन का साथ देने में भारत की सुरक्षा को भी गलत बताया। उन्होंने भारत को अमेरिका, चीन, रूस और अफ्रीकी संघ जैसे देशों के साथ संबंध बैलेंस करने की सलाह दी है।

सैक्स ने कहा कि अमेरिका के राजनेता पुरानी सोच में डूबे हुए हैं। वे दुनिया पर अपना दबदबा बनाना चाहते हैं। यह एक भ्रम है। अमेरिका दुनिया का लीडर नहीं है। वह बाकी दुनिया को हुक्म नहीं दे सकता। उन्होंने यह भी कहा कि यह सोच रिपब्लिकन और डेमोक्रेट दोनों पार्टियों में है। खासकर डोनाल्ड ट्रंप के साथ ऐसा है। उनके कोई सहयोगी नहीं हैं। उनके कोई रणनीतिक साझेदार नहीं हैं। वह सिर्फ तात्कालिक लाभ देखते हैं। कुछ लोगों ने सैक्स पर 'अमेरिका विरोधी' होने का आरोप लगाया है। इस पर उन्होंने कहा कि यह सिर्फ वाशिंगटन की मानसिकता है।

सैक्स ने कहा, जब मैं वसंत में भारत में था तो मैंने कहा था कि किसी बहुत बड़े व्यापारिक रिश्ते पर भरोसा मत करो। यानी उन्हें पहले से ही उम्मीद थी कि भारत को अमेरिका के साथ गच्चा खाने को भी मिल सकता है।

### भारतीय सप्लाई चेन में अमेरकिा को कोई दिलचस्पी नहीं

सैक्स ने आगे कहा, भारत को उम्मीद है कि वह चीन पर अपनी निर्भरता कम करने और सप्लाई चेन बढ़ाने के लिए अमेरिका का अच्छा भागीदार बनेगा। मैंने यह समझाने की कोशिश की कि इस पर भरोसा मत करो। अमेरिका को भारतीय सप्लाई चेन में बिल्कुल भी दिलचस्पी नहीं है। ट्रंप को इसमें दिलचस्पी नहीं है। ट्रंप किसी भी स्थिति में दीर्घकालिक रणनीतिक संबंध बनाने में सक्षम नहीं हैं। दूसरे शब?दों में भारत चीन से कम सामान खरीदकर जिस निर्भरता को घटाना चाहता है, उसमें अमेरिका मदद नहीं करेगा। ट्रंप को लंबी योजनाएं बनाने में कोई दिलचस्पी नहीं है।

सैक्स ने क?वाड एलायंस में भारत के शामिल होने पर भी सवाल उठाए। उन्होंने कहा, मैं क?वाड का बिल्कुल भी प्रशंसक नहीं हूं। यह अमेरिका का खेल है। चीन के खिलाफ अमेरिका का साथ देना भारत के हित में नहीं है। इसका मतलब है कि क?वाड सिर्फ अमेरिका का एक तरीका है। भारत को इसमें शामिल होकर कोई फायदा नहीं होगा।

अमेरिका की ओर से भारत पर लगाए गए नए टैरि?फ के बारे में सैक्स ने कहा, इन दंडात्मक टैरिफ के साथ जो हो रहा है, वह सिर्फ बुनियादी सच्चाई को उजागर कर रहा है। अमेरिका और भारत के बीच कोई रणनीतिक संबंध नहीं है। यानी अमेरिका भारत को अपना दोस्त नहीं मानता है।

सैक्स ने वाशिंगटन के नेताओं के बारे में कहा, वे भ्रमों से भरे हुए हैं। वे भारत के साथ बड़ी साझेदारी के बारे में नहीं, बल्कि अमेरिका के प्रभुत्व के बारे में सोचते हैं। इसका मतलब है कि अमेरिका के नेता सिर्फ यह सोचते हैं कि अमेरिका कैसे हमेशा शक्तिशाली बनकर सब कुछ कंट्रोल कर सकता है।

### पहले से था भारत-अमेरिका व्यापार वार्ता पर संदेह

सैक्स ने जोर देकर कहा कि यह सोच दोनों पार्टियों में है। उन्होंने कहा, मैं जो कह रहा हूं वह सच है, चाहे वह बाइडेन हों या ट्रंप या ओबामा... लेकिन यह ट्रंप के साथ विशेष रूप से सच है। उनके कोई सहयोगी नहीं हैं। उनके कोई रणनीतिक साझेदार नहीं हैं। उनके पास केवल तात्कालिकता और अल्पकालिकता है। दूसरे शब?दों में कहें तो अमेरिका की विदेश नीति में कोई बदलाव नहीं होगा, चाहे कोई भी राष्ट्रपति हो।

सैक्स ने कहा कि उन्हें शुरू से ही अमेरिका-भारत व्यापार वार्ता पर संदेह था। उन्हें नहीं लगता था कि इससे कोई अच्छा नतीजा निकलेगा। सैक्स ने उन लोगों को जवाब दिया जिन्होंने उन पर अमेरिका विरोधी होने का आरोप लगाया था। उन्होंने कहा, मैं सिर्फ वाशिंगटन में लोगों की सोच और उनके काम करने के तरीके के बारे में सच बताने की कोशिश कर रहा था।

सैक्स के अनुसार, भारत को मल्?टीपोलर वर्ल्?ड बनाने पर फोकस करना चाहिए। उसे अमेरिका, चीन, रूस और अफ्रीकी संघ जैसे देशों के साथ अच्छे संबंध रखने चाहिए। भारत को किसी एक देश का पक्ष नहीं लेना चाहिए। उसे सभी के साथ मिलकर काम करने की जरूरत है। इससे भारत को फायदा होगा और दुनिया में शांति बनी रहेगी।

## वर्ग पहेली 5822

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | | 4 | 5 | | ■ |
| 6 | | | ■ | 7 | | ■ | 8 |
| | ■ | 9 | | | ■ | ■ | |
| 10 | 11 | | ■ | 12 | 13 | 14 | |
| 15 | | ■ | 16 | ■ | 17 | | |
| ■ | 18 | 19 | ■ | 20 | | | ■ |
| 21 | | | ■ | | ■ | 22 | 23 |
| | ■ | 24 | | ■ | 25 | | |

**संकेत: बाएं से दाएं**

1. 1965 को इस महिला ने जन्म लिया था जो अंतरिक्ष एजेंसी नासा के माध्यम से अंतरिक्ष जाने वाली भारतीय मूल की दूसी महिला बनीं (7)
6. बुरा लगना, खटकना (3)
7. एक पहर, तीन घंटे का समय (2)
9. कम उम्र का लड़का (3)
10. कलिंद पर्वत से निकलने के कारण इस नदी का एक नाम कालिंदी भी है (3)
12. सच्चे होने की ताईद करना, सबूत (4)
15. फन, हुनर (2)
16. पृथ्वी, धरती (1)
17. रूठे हुए का प्रसन्न करना, राजी करना (3)
18. यह वाराणसी का पुराना नाम है (2)
20. नेपाल-तिब्बत सीमा पर पर्वतों पर आरोहण में निपुण पहाड़ी जन-जाति के लोग (3)
21. बीता हुआ, गया हुआ (3)
22. धोखा देकर माल या असबाब लूटने वाला (2)
24. फटा हुआ कपड़ा, चीथड़ा (2)
25. बल, शक्ति, पावर, दम (3)

**ऊपर से नीचे**

1. सुख देने वाला, सुखदाता (5)
2. श्रीराम की सेना का शिल्पकार वानर (2)
3. लंबाई के बल ताने और चौड़ाई के बुने वाले तागे (4)
4. योग्यता, शालीनता, गुण, सामर्थ्य (4)
5. दो की संख्या, निग्रह (2)
8. धीरे-धीरे आगे बढ़ना, रेंगना, सिसकना (4)
11. मेल-जोल का व्यक्ति (4)
13. युद्ध, लड़ाई (3)
14. नसीरूददीन शाह की अभिनेत्री सास (5)
19. ठंडाई पैदा करने वाला (3)
20. झूठी शान, अकड़, डींग (2)
21. पुराणानुसार एक सूर्यवंशी राजा जो दशरथ के पिता थे (2)
23. दुर्दशा, दुर्गति (2)

### वर्ग पहेली 5821 का हल

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| का | का | हा | थ | र | सी | ■ | स |
| नी | र | ज | ■ | वि | ना | य | क |
| न | म | मा | ■ | सा | ■ | दि | ल |
| ■ | र | ■ | सा | र | ना | ■ | ■ |
| अ | ■ | दा | ■ | थी | सि | स | ■ |
| मे | घ | दू | त | ■ | क | ला | म |
| ज | न | ■ | मी | रा | ■ | म | ■ |
| न | क | ब | ज | न | ■ | त | वा |

# पहाड़ों पर भी निर्माण की जरूरत

(महिमा सिंह)

क्या आपको पता है, पहाड़ों के गांव वीरान क्यों हो रहे हैं? उन इलाकों में, जहां कभी चहल-पहल रहा करती थी, अब सन्नाटा क्यों पसरा रहता है? खेत-खलिहान, पगडंडियों पर खिलखिलाता बचपन और गांव की चौपालों पर होती लंबी-लंबी चर्चाएं आखिर क्यों यादों में सिमटकर रह गई हैं? इन सबकी वजह सिर्फ एक है, और वह है- विस्थापन। लोग यहां से बाहर निकल गए। कोई रोजी-रोटी के लिए निकला, तो कोई बेहतर पढ़ाई-लिखाई के लिए। नतीजतन, गांव के गांव खाली हो गए। ये खाली होते भी क्यों नहीं, जब लोगों को आपात चिकित्सा की जरूरत होती थी, तो उन्हें आनन-फानन में शहर भागना पड़ता था। जब उन्हें कहीं जाना होता था, तो पगडंडियों से गुजरना मजबूरी होती थी।

यानी, मुश्किलों के बीच जीवन गुजर रहा था, जिस कारण उन्होंने पलायन करना ही उचित समझा।आज जो लोग पहाड़ में होने वाले निर्माण-कार्यों को कोस रहे हैं, उन्हें पहले पहाड़ी जीवन को एक बार जी लेना चाहिए। ये वही लोग हैं, जो बड़े-बड़े शहरों में एसी कमरों में रहते हैं और पहाड़ों पर सिर्फ छुट्टियां मनाने आते हैं। उन्हें यह पता ही नहीं कि पहाड़ों पर बुनियादी जरूरतों को पूरा करना कितना दुश्कर काम है। यही कारण है कि पहाड़ों पर निर्माण-कार्य का विरोध उचित नहीं जान पड़ता। क्या पहाड़ी लोगों को अच्छी सड़कें नहीं चाहिए? क्या उन तक यातायात के आधुनिकतम साधन नहीं पहुंचने चाहिए? क्या उनके दरवाजे तक डॉक्टरी सुविधा उपलब्ध नहीं होनी चाहिए? क्या वे मैदानी इलाकों से कम टैक्स चुकाते हैं, जो सरकारों को उनकी जरूरतों की अनदेखी कर देनी चाहिए? कहने का अर्थ यह है कि अगर हम वाकई पहाड़ को जिंदा रखना चाहते हैं, तो पहले पहाड़ की जरूरतें पूरी करनी होंगी।

यहां रहने वाले लोगों को समझना होगा। उनके मन की थाह लेनी होगी। इसके बाद ही हम पहाड़ों को बचाने का दावा करने के अधिकारी हो सकेंगे।पहाड़ों पर भी निर्माण-कार्यों की सख्त जरूरत है। हां, इसमें हमें देखना यह होगा कि निर्माण के काम योजना के अनुरूप किए जाएं। यह ख्याल रखा जाना चाहिए कि इनसे पहाड़ों को कम से कम नुकसान हो। अगर किसी सड़क के ऊपर पहाड़ है, तो पहाड़ के टूटने से होने वाली क्षति से बचने के लिए सुरक्षा के पर्याप्त उपाय किए जाएं। प्रकृति विकास-कार्यों के खिलाफ नहीं है। वह उन निर्माण-कार्यों की हिमायती है, जिससे उसे कुछ हद तक ही नुकसान पहुंचे। पहाड़ जीवन व संस्कृति की ऊंचाइयों के प्रतीक होते हैं। इनको इसी रूप में हमें विकसित करना होगा। योजनाबद्ध विकास यहां की जरूरत है।

## आज का राशिफल

**मेष**

मेष
आज कार्यक्षेत्र में आपको कुछ बदलाव देखने को मिल सकते हैं। ऐसे में मन थोड़ा परेशान रह सकता है और आपके साथियों का भी तनाव बढ़ेगा। लेकिन आप अपनी मधुर वाणी और व्यवहार से स्थिति को सामान्य बनाने में कामयाब रहेंगे।

**वृष**

वृषभ
आज कारोबार को लेकर आपको कोई शुभ समाचार सुनने को मिल सकता है, जिससे मन प्रसन्न रहेगा। नौकरी करने वालों का दिन भी अच्छा रहेगा और कार्यस्थल पर मेहनत से लाभ प्राप्त होगा। परिवार के सदस्यों के साथ अच्छा समय व्यतीत होगा।

**मिथुन**

मिथुन
आज उच्च अधिकारियों के सहयोग और समर्थन से कोई बहुमूल्य वस्तु या संपत्ति प्राप्त हो सकती है। अधूरी इच्छा पूरी होने के चलते आपका मन प्रसन्न रहेगा और परिवार में पिता का आशीर्वाद भी प्राप्त होगा।

**कर्क**

कर्क
आज भाग्य का भी पूर्ण सहयोग मिलेगा। कार्यक्षेत्र में मेहनत का फल प्राप्त होगा और अचानक बड़ी मात्रा में धन प्राप्ति हो सकती है। इसी के चलते आपकी आर्थिक स्थिति भी पहले से बेहतर होती जाएगी।

**सिंह**

सिंह
आज अप्रत्याशित लाभ प्राप्त होने की संभावना है और जीवन में तरक्की के नए मार्ग खुलेंगे। कार्यक्षेत्र में आप अपने विरोधियों से भी आगे निकल सकते हैं और जो काम लंबे समय से रुके हुए थे वे अब पूरे हो सकते हैं।

**कन्या**

कन्या
आज आपका दिन अच्छा रहने वाला है और कार्यस्थल पर विरोधियों की रणनीतियां भी फेल हो जाएंगी। अगर लंबे समय से आपका कोई जरूरी काम बीच में अटका हुआ था, तो वो भी अब पूरा हो सकता है।

**तुला**

तुला
आज आय के नए स्रोत बनेंगे। इससे आमदनी में भी वृद्धि होगी। वहीं, कार्यस्थल पर आपके बातचीत करने का तरीका प्रभावशाली रहेगी, जिससे विशेष सम्मान की प्राप्ति होगी। विद्यार्थियों के शिक्षा और प्रतियोगिता के क्षेत्र में उपलब्धि प्राप्त हो सकती है।

**वृश्चिक**

वृश्चिक
आज दिन शुभ रहेगा और आपको धन लाभ के नए अवसर प्राप्त हो सकते हैं। इससे आर्थिक स्थिति मजबूत होगी और समाज में भी मान-सम्मान बढ़ेगा। अगर आपका जरूरी काम लंबे समय से बीच में रुका हुआ था तो वह अब पूरी हो सकता है।

**धनु**

धनु
आज आपको सोच-समझकर फैसले लेने होंगे। आर्थिक मामलों में भी सावधान रहने की जरूरत है और कोई भी फैसला सोच-समझकर लेना ज्यादा बेहतर रहेगा, अन्यथा धन बीच में फंस सकता है। आपके सांसारिक सुख के साधनों में वृद्धि होगी।

**मकर**

मकर
आज दिन अनुकूल रहने वाला है और आपको लाभ कमाने के अवसर मिल सकते हैं। इससे मन प्रसन्न रहेगा और आर्थिक स्थिति भी पहले से मजबूत होगी। अगर आप व्यवसाय में परिवर्तन करने के बारे में विचार कर रहे हैं, तो पहले अच्छी तरह सोच-विचार जरूर कर लें।

**कुंभ**

कुंभ
आज आपको बजट बनाकर धन खर्च करना होगा, अन्यथा पैसों की तंगी का सामना भी करना पड़ सकता है। किसी संपत्ति के क्रय-विक्रय के वक्त आपको सोच-समझकर फैसले लेने होंगे और दस्तावेजों को पूरी तरह पढ़कर ही हस्ताक्षर करें।

**मीन**

मीन
आज आपको किसी दूर या पास की यात्रा पर जाना पड़ सकता है। यह फलदायक भी साबित हो सकती है। कार्यक्षेत्र में उन्नति प्राप्त होने से आपका मन प्रसन्न रहेगा और मानसिक तनाव भी कम होगा। विद्यार्थियों के लिए भी दिन शुभ रहेगा।

## सीजेआई श्रेष्ठ नहीं, उनके पास भी बाकी जजों के समान ही अधिकार : बीआर गवई



**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत के मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) बीआर गवई ने मंगलवार को स्पष्ट कहा कि सर्वोच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश बाकी जजों से श्रेष्ठ नहीं होते और उनके पास भी उतने ही न्यायिक अधिकार हैं जितने अन्य जजों के पास होते हैं। यह टिप्पणी उन्होंने उस समय की जब प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की एक याचिका पर सुनवाई हो रही थी। एजेंसी ने 26 अप्रैल 2023 को दिए गए रितु छाबड़िया बनाम भारत संघ मामले के फैसले को वापस लेने का अनुरोध किया था। अप्रैल 2023 में जस्टिस कृष्णा मुरारी और जस्टिस सीटी रविकुमार की पीठ ने जांच एजेंसियों की उस प्रथा की निंदा की थी, जिसमें वे जांच पूरी होने से पहले ही आरोपपत्र दायर कर देती हैं ताकि आरोपी को 'डिफॉल्ट बेल' न मिल सके। फैसले में कहा गया था कि यदि आरोपपत्र अधूरा है और जांच जारी है तो भी आरोपी का डिफॉल्ट बेल का अधिकार समाप्त नहीं होगा। कानून के अनुसार, निचली अदालत में सुनवाई योग्य मामलों में गिरफ्तारी के 60 दिनों के भीतर और सत्र न्यायालय में सुनवाई योग्य मामलों में 90 दिनों के भीतर आरोपपत्र दायर होना चाहिए। अन्यथा आरोपी डिफॉल्ट बेल का हकदार होता है।

**ईडी की आपत्तिः** फैसले के कुछ दिनों बाद, ईडी ने तत्कालीन सीजेआई डीवाई चंद्रचूड़ की पीठ को बताया कि इस निर्णय के आधार पर दिल्ली हाईकोर्ट ने एक आरोपी को जमानत दे दी है और इसका देशभर में असर पड़ेगा। 12 मई 2023 को सुप्रीम कोर्ट ने इस फैसले के प्रभाव पर अस्थायी रोक लगा दी।

**सीजेआई गवई की नाराजगी :** मंगलवार को सुनवाई के दौरान सीजेआई गवई ने कहा, जब सुप्रीम कोर्ट की दो जजों की पीठ कोई राहत देती है तो क्या समान स्तर की कोई दूसरी पीठ उस फैसले पर अपील सुन सकती है? वह भी इसलिए क्योंकि वह पीठ कोर्ट नंबर-1 में बैठती है। न्यायिक मर्यादा और अनुशासन का पालन होना चाहिए। आपको बता दें कि मुख्य न्यायाधीश से जुड़ी पीठ कोर्ट नंबर एक में बैठती है। उन्होंने जोर देकर कहा, भारत के मुख्य न्यायाधीश बाकी जजों से श्रेष्ठ नहीं हैं। उनके पास वही न्यायिक अधिकार हैं जो अन्य जजों के पास हैं। सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने आरोप लगाया कि रितु छाबड़िया केस में अदालत के अधिकार का गलत इस्तेमाल हुआ।

# 15 अगस्त को शुरू होगा फास्टैग एनुअल पास, टोल पर लगेंगे सिर्फ 15 रूपए

**नई दिल्ली, एजेंसी।** 15 अगस्त को देश के अंदर एनुअल टोल पास की स्कीम शुरू होने जा रही है। इस पास की मदद से एक साल तक टोल पर मोटी रकम देने की जरूत नहीं पड़ेगी। सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने इस पास के बारे में बताया था कि नए एनुअल फास्टैग के जरिए सिर्फ 15 रुपए में टोल प्लाजा पार किया जा सकेगा।

इस पास की कीमत 3000 रुपए रखी गई है, जिसमें 200 ट्रिप शामिल होंगी। एक यात्रा का मतलब एक बार टोल प्लाजा पार करना है। यानी प्रति टोल खर्च सिर्फ 15 रुपए ही खर्च होंगे। इस टोल पास को कहां से बनवाया जाएगा और ये काम कैसे करेगा, चलिए इसके बारे में डिटेल से जानते हैं।

### फास्टैग एनुअल पास क्या है?

सबसे पहले समझते हैं कि फास्टैग एनुअल पास क्या है? तो ये सालाना टोल पास एक तरह की प्रीपेड टोल स्कीम है, जिसे खास तौर से कार, जीप और वैन जैसे नॉन-कमर्शियल प्राइवेट व्हीकल के लिए तैयार किया गया है। नए पास की घोषणा करते समय नितिन गडकरी ने कहा था कि इसका उद्देश्य 60 किलोमीटर के दायरे में स्थित टोल प्लाजा से जुड़ी लंबे समय से चली आ रही चिंताओं को दूर करना और सिंगल, अफॉर्जेबल लेनदेन के माध्यम से टोल भुगतान को सरल बनाना है। टोल प्लाजा पर वेटिंग टाइम को कम करके, भीड़भाड़ को कम करके और विवादों को कम करके, वार्षिक पास का उद्देश्य लाखों प्राइवेट व्हीकल ओनर्स के लिए एक फास्ट और आसान यात्रा का अनुभव देना है। खास बात ये है कि इसके लिए लोगों को नया टैग खरीदने के की जरूरत नहीं है, बल्कि ये आपके मौजूदा फास्टैगसे जुड़ जाएगा। इसकी कंडीशन ये है कि आपका मौदूजा फास्टैग एक्टिव होना चाहिए और आपके व्हीकल रजिस्ट्रेशन नंबर से जुड़ा हो।

यह योजना केवल एनएचएआईऔर सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय के अंतर्गत आने वाले राष्ट्रीय राजमार्गों और एक्सप्रेसवे पर लागू होगा। इसके लिए बार-बार ऑनलाइन रिचार्ज करने की आवश्यकता नहीं है, जिससे यह डेली पैसेंजर्स के लिए विशेष रूप से उपयोगी है। यह पास नॉन-ट्रांसफरेबल है। इसे सिर्फ रजिस्टर्ड व्हीक के साथ ही इस्तेमला कर पाएंगे।

### फास्टैग एनुअल पास कहां काम करेगा?

फास्टैग एनुअल पास केवल एनएचएआई द्वारा ऑपरेटेड राष्ट्रीय राजमार्गों और राष्ट्रीय एक्सप्रेसवे पर स्थित टोल प्लाजा पर ही काम करता है। जैसे, दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे, मुंबई-नासिक, मुंबई-सूरत और मुंबई-रत्नागिरी मार्ग आदि। राज्य राजमार्गों या नगरपालिका टोल सड़कों पर आपका फास्टैग सामान्य रूप से काम करेगा और टोल सामान्य रूप से वसूला जाएगा। जैसे, मुंबई-पुणे एक्सप्रेसवे, मुंबई-नागपुर एक्सप्रेसवे (समृद्धि महामार्ग), अटल सेतु, आगरा-लखनऊ एक्सप्रेसवे, बेंगलुरु-मैसूर एक्सप्रेसवे और




अहमदाबाद-वडोदरा एक्सप्रेसवे। ये सभी राज्य प्राधिकरणों द्वारा संचालित होते हैं।

### ऐसे एक्टिवेट करें फास्टैग एनुअल पास

फास्टैग एनुअल पास एक्टिवेट करने को लेकर इंडियन हाईवे मैनेजमेंट कंपनी लिमिटेड की तरफ एक नोटिफिकेशस जारी किया गया है। आईएचएमसीएल ने नोटिफिकेशन में इस एनुअल पास से जुड़े सभी सवालों के जवाब दिए गए हैं।

साथ ही, फास्टैग के एनुअल पास को एक्टिवेट करने का तरीका भी बताया है। आईएचएमसीएल के मुताबिक, फास्टैग एनुअल पास को सिर्फ राज मार्ग यात्रा मोबाइल ऐप और एनएचएआई पोर्टल पर जाकर ही एक्टिवेट किया जा सकेगा। इस पास को एक्टिवेट करने के लिए कार चालक को पहले अपने व्हीकल और उसके ऊपर लगे फास्टैग की एलिजिबिलिटी को वेरिफाई करना होगा। एक बार वेरिफिकेशन्स कंप्लीट होने के बाद 3000 रुपए का पमेंट करना होगा। यूजर द्वारा किया गया 3000 रुपए की पेमेंट कंफर्मेशन होने के बाद 2 घंटे के अंदर फास्टैग एनुअल पास एक्टिवेट हो जाएगा। यह एक्टिवेशन आपके मौजूदा फास्टैग पर ही होगा। फास्टैग एनुअल पास के लिए आपको न्यू फास्टैग खरीदने की जरूरत नहीं है। फास्टैग एनुअल पास पर पेमेंट करने से अगले 1 साल तक या फिर 200 टोल पाल करने तक की वैलिडिटी मिलेगी।

### 7000 रुपए की बचत होगी

इस पास की कीमत 3000 रुपए रखी गई है, जिसमें 200 यात्राएं शामिल हैं। एक यात्रा का मतलब एक बार टोल प्लाजा पार करना है। यानी प्रति टोल खर्च सिर्फ 15 रुपए ही खर्च होंगे। अभी 200 बार टोल पार करने पर करीब 10,000 रुपए खर्च होते हैं, लेकिन नई स्कीम में यह काम सिर्फ 3000 रुपए ही लगेंगे। इसका मतलब है कि पैसेंजर व्हीकल चलाने वालों की करीब 7000 रुपए की सीधी बचत होगी।

ये पास 1 साल तक वैलिड रहेगा। यदि आप 200 टोल सालभर के पहले ही पार कर लेते हैं तब इसकी वैलिडिटी खत्म हो जाएगा। इसके बाद आपको फिर से रिचार्ज कराना होगा।

## संक्षिप्त समाचार



### हाई कोर्ट ने मानी ईडी की एक मांग, पूर्व सीएम भूपेश बघेल के बेटे का इंतजार और बढ़ा

**बिलासपुर, एजेंसी।** छत्तीसगढ़ के बहुचर्चित शराब घोटाला और मनी लॉन्ड्रिंग केस में पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के बेटे चैतन्य बघेल की याचिका पर मंगलवार को बिलासपुर हाईकोर्ट में सुनवाई हुई। इस दौरान प्रवर्तन निदेशालय (श्वष्ठ) ने कोर्ट से जवाब दाखिल करने के लिए समय मांगा, जिसके बाद जस्टिस अरविंद कुमार वर्मा की सिंगल बेंच ने इस मांग को मानकर सुनवाई के लिए दो हफ्ते बाद की तारीख दे दी। श्वष्ठ की कार्रवाई को चुनौती देते हुए भूपेश बघेल और चैतन्य बघेल ने पहले सुप्रीम कोर्ट में याचिका लगाई थी, लेकिन सुप्रीम कोर्ट ने सीधे आने के बजाय उन्हें हाईकोर्ट जाने की सलाह दी थी। मंगलवार को हाईकोर्ट में सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ता पक्ष ने कोर्ट से कहा कि चैतन्य बघेल के लिए पीने के पानी की समुचित व्यवस्था नहीं की जा रही है, जिसके चलते उन्हें स्वास्थ्य से जुड़ी कुछ परेशानियां हो रही हैं। जिस पर कोर्ट की ओर से जरूरी दिशा निर्देश जारी किए गए। बता दें कि चैतन्य बघेल ने अपनी गिरफ्तारी और हिरासत को असंवैधानिक बताते हुए सुप्रीम कोर्ट के बाद छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट में याचिका दायर की है। पूर्व सीएमभूपेश बघेल के बेटे चैतन्य बघेल को 18 जुलाई 2025 को भिलाई तीन स्थित निवास से ईडी ने गिरफ्तार किया था। वे पिछले 24 दिनों से केन्द्रीय जेल रायपुर में बंद हैं। उनकी गिरफ्तारी को चुनौती देने वाली याचिका को सुप्रीम कोर्ट ने खारिज कर दिया था और उन्हें हाईकोर्ट में अपील करने का निर्देश दिया था। इसके बाद चैतन्य ने हाईकोर्ट में याचिका दायर की, जिसमें दावा किया गया कि उनकी हिरासत गैरकानूनी है और ईडी ने कानूनी प्रक्रियाओं का पालन नहीं किया। मंगलवार को हाईकोर्ट के जस्टिस अरविंद कुमार वर्मा की सिंगल बेंच के सामने मामले की सुनवाई हुई। चैतन्य बघेल की ओर से अधिवक्ताओं ने तर्क दिया कि उनकी गिरफ्तारी में प्रक्रियात्मक अनियमितताएं बरती गई। वहीं ईडी ने जवाब दाखिल करने के लिए हाई कोर्ट से समय मांगा, जिसे स्वीकार कर लिया गया। अब मामले में अगली सुनवाई दो सप्ताह बाद होगी। भूपेश बघेल ने ईडी की कार्रवाई को राजनीतिक प्रतिशोध करार दिया है।

## कैसे राजीव प्रताप रूडी ने संजीव बालियान के मुकाबले कायम रखा दबदबा, विपक्ष किसके साथ

**नई दिल्ली, एजेंसी।** कॉन्स्टिट्यूशन क्लब के चुनाव में सचिव पद पर मुकाबला भाजपा बनाम भाजपा को था। 25 सालों से इस पद पर काबिज राजीव प्रताप रूडी को जीत मिली है, जबकि भाजपा के ही पूर्व सांसद संजीव बालियान पिछड़ गए। 100 वोटों से रूडी को जीत मिली है, जो बड़ा अंतर है। इसके पीछे माना जा रहा है कि राजीव प्रताप रूडी को विपक्ष के सांसदों ने भी बड़ी संख्या में वोट डाला। विपक्ष की तरफ से सोनिया गांधी और मल्लिकार्जुन खरगे जैसे नेताओं ने वोट दिया तो वहीं सत्ता पक्ष से अमित शाह भी मतदान के लिए पहुंचे। इस बार कुल 1295 मौजूदा और पूर्व सांसदों ने वोट डाला। ऐसा पहली बार था, जो इतनी बड़ी संख्या में वोट डालने के लिए सांसद और पूर्व सांसद पहुंचे।

इससे पहले राजीव प्रताप रूडी निर्विरोध ही जीत हासिल करते रहे हैं। राजीव प्रताप रूडी ने जीत के बाद खुशी जताई और कहा कि यह ऐतिहासिक है। उन्होंने कहा कि मेरा पैनल जीत गया है, जिसमें अलग-अलग दलों के सांसद शामिल हैं। रूडी ने कहा, यह अच्छी जीत है। सांसदों ने पार्टी लाइन से ऊपर उठकर हमारे पैनल को कामकाज के आधार पर जिताया है। भाजपा के ही एक सांसद निशिकांत दुबे का कहना था कि इस बार कॉन्स्टिट्यूशन क्लब के चुनाव में सत्ता परिवर्तन होगा और संजीव बालियान को जीत मिलेगी। वह मजबूती से बालियान का प्रचार कर रहे थे।



### क्यों बंट गया इस बार भाजपा का वोट, विपक्षी किधर गए

माना जा रहा है कि निशिकांत दुबे जैसे सांसदों के बालियान के समर्थन में मुखर होने के चलते भाजपा का बड़ा वोट उन्हें मिला। लेकिन विपक्षी सांसदों की एकजुटता राजीव प्रताप रूडी के फेवर में चली गई। इसके कारण वह बड़े अंतर से जीत हासिल कर सके। पांचवीं बार के लोकसभा सांसद राजीव प्रताप रूडी लंबे समय से कॉन्स्टिट्यूशन क्लब के सचिव हैं। इस बार उनका मुकाबला संजीव बालियान से था, जिसके चलते भाजपा बनाम भाजपा की स्थिति बन गई थी और यह चुनाव काफी चर्चा में रहा।

### अमित शाह, नड्डा और पीयूष गोयल ने भी डाला वोट

वोट डालने वाले लोगों में अमित शाह, जेपी नड्डा के अलावा पीयूष गोयल और किरेन रिजिजू जैसे मंत्री भी थे। इसके अलावा हिमाचल प्रदेश के गवर्नर शिव प्रताप शुक्ला ने भी मतदान किया। माना जा रहा है कि भाजपा में एक खेमे ने संजीव बालियन को वोट दिया। इसके अलावा भाजपा के एक गुट और फिर पूरे विपक्ष का मतदान राजीव प्रताप रूडी के पक्ष में रहा।

इस चुनाव में कास्ट ऐंगल भी लोगों ने जोड़ लिया। संजीव बालियान पश्चिम यूपी के रहने वाले हैं और जाट बिरादरी हैं। इसके अलावा राजीव प्रताप रूडी पेशे से पायलट रहे हैं और ठाकुर हैं।



## मैं एक लाख से ज्यादा वोटों से जीता, तो क्या मैंने कुछ गड़बड़ किया? : अजित पवार

**मुंबई, एजेंसी।** कांग्रेस सांसद राहुल गांधी की ओर से महाराष्ट्र चुनावों को लेकर लगाए गए आरोपों पर उपमुख्यमंत्री अजित पवार ने पलटवार किया। उन्होंने बारामती का उदाहरण देते हुए कहा कि लोकसभा चुनाव में उनकी पार्टी के उम्मीदवार को 48,000 वोट कम मिले थे, जबकि वे स्वयं बारामती का प्रतिनिधित्व करते हैं। इसके पांच महीने बाद उसी क्षेत्र के मतदाताओं ने उन्हें विधानसभा चुनाव में 1 लाख से अधिक वोटों के अंतर से जिताया। पवार ने कहा कि तो क्या मैंने कुछ गड़बड़ की, क्या कुछ गलत किया? ऐसा नहीं है। उन्होंने जोर देकर कहा कि कुछ लोग असफल होने के कारण इस तरह के आरोप लगा रहे हैं। अजित पवार ने आगे कहा कि संविधान और कानून के तहत हर व्यक्ति को अपनी बात उठाने का अधिकार है। उन्होंने चुनाव आयोग की भूमिका पर भरोसा जताते हुए कहा कि आयोग को इन आरोपों की जांच करनी चाहिए। अगर ये आरोप गलत हैं तो उसका उचित जवाब देना चाहिए और अगर सही हैं तो उस पर ध्यान देना चाहिए। अजित पवार ने अपने बयान में साफ कर दिया कि वे आरोपों को गंभीरता से नहीं लेते, बल्कि इसे असफलता का नतीजा मानते हैं।

## पाकिस्तान धमकी दे रहा, भाजपा सरकार के पास क्या जवाब : आदित्य ठाकरे



**मुंबई, एजेंसी।** शिवसेना (यूबीटी) के विधायक आदित्य ठाकरे ने पाकिस्तान के साथ क्रिकेट खेले जाने पर फिर सवाल उठाए हैं। मंगलवार को उन्होंने कहा, पाकिस्तान धमकी दे रहा है, लेकिन भाजपा सरकार के पास उस धमकी का क्या जवाब है? जवाब है कि बीसीसीआई उनके साथ क्रिकेट खेलने जाएगा। बीसीसीआई को उनके साथ क्रिकेट क्यों खेलना चाहिए? दरअसल, अमेरिका के टैम्पा में प्रवासियों को संबोधित करते हुए पाकिस्तानी सेना प्रमुख आसिम मुनीर ने भारत के खिलाफ बयान दिया है। उन्होंने भविष्य में भारत के साथ युद्ध के दौरान अपने देश के अस्तित्व को खतरा होने की स्थिति में परमाणु हमला करने की धमकी दी। आदित्य ठाकरे ने इस बयान को लेकर कहा कि पाकिस्तान धमकी दे रहा है। उन्होंने कहा, पिछले साल आपने देखा होगा कि बीसीसीआई के शीर्ष अधिकारी शाहिद आफरीदी और अन्य सभी पाकिस्तानी क्रिकेटरों के साथ पार्टी कर रहे थे। पिछले साल हमने कहा था कि बांग्लादेश में हिंदुओं पर अत्याचार हो रहा है।

बीसीसीआई ने उसी बांग्लादेश को आमंत्रित किया और इस देश में टेस्ट मैच खेला। तो क्या बीसीसीआई देश से ऊपर है? क्या बीसीसीआई हिंदुओं से ऊपर है? क्या बीसीसीआई सैनिकों की शहादत से ऊपर है? बीसीसीआई हमें इसका जवाब दे।

## प्रेमी को बाइक दिलाने के लिए चोर बन गई गर्लफ्रेंड, उड़ा लिए दो लाख रुपए

**कांकेर, एजेंसी।** छत्तीसगढ़ के कांकेर जिले से चोरी का एक हैरान कर देने वाला मामला सामने आया है। अपने बॉयफ्रेंड को बाइक दिलवाने के लिए प्रेमिका चोर बन गई। मकान से 95 हजारी नकदी सहित 2 लाख की चोरी भी कर ली। पुलिस ने प्रेमी-प्रेमिका दोनों को गिरफ्तार कर लिया है। प्रेमी को बाइक दिलाने प्रेमिका ने परिचित के घर चोरी का प्लान बनाया था। चोरी का यह पूरा मामला हल्बा चौकी क्षेत्र का है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार 9 अगस्त को कन्हैया पटेल चौकी ने हल्बा आकर रिपोर्ट दर्ज कराई कि 8 अगस्त की रात मैं डूमरपानी से बाजार में सब्जी बेचने गया था। वापस रात करीबन 8 बजे घर आया तो देखा कि घर में मेरे




कमरे का ताला टूटा हुआ था। घर का समान इधर-उधर बिखरा पड़ा था। कमरे के अंदर जाकर देखा तो मेरे कमरे की 2 पेटियां खुली हुई थी। संदूक में रखे नकदी रकम और 1 नग सोने का मंगल सूत्र, 1 नग सोने कहृमराठी माला, 1 जोड़ी सोने का कान कह्म टॉप्स, 1 नग चांदी का करधनी, 1 जोड़ी चांदी की पायल नहीं थी। कोई अज्ञात चोर चोरी कर ले गया। रिपोर्ट पर अपराध क्रमांक 82/2025 धारा 305(ए), 331(3) बीएनएस पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

**प्रेमी को बाइक खरीदने के लिए दिए पैसे :** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक कांकेर आई.के.ऐलिसेला ने बताया कि करूणा पटेल और ताम्रध्वज विश्वकर्मा उक्त घटना के समय संदिग्ध अवस्था में गांव में घुम रहे थे। सूचना पर दोनों को पकड़कर कड़ाई से पूछताछ करने पर करूणा पटेल ने अपराध स्वीकार कर लिया। उसने बताया कि अपने प्रेमी ताम्रध्वज विश्वकर्मा को बाइक खरीदने के लिए पैसे की जरूरत थी। तब दोनों ने मिलकर अपने परिचित के घर पर चोरी करने की योजना बनाई। पुलिस के मुताबिक आरोपिया करूणा प्रार्थी के घर चोरी के लिए घुसे। उस दौरान आरोपी ताम्रध्वज विश्वकर्मा बाहर से निगरानी कर रहा था।

## उत्तर प्रदेश के कुशीनगर में आवारा कुत्तों के झुंड ने महिला को नोच-नोच कर मार डाला



**कुशीनगर, एजेंसी।** देश की राजनीति में अवारा कुत्ते इस वक्त एक अहम मुद्दा बने हुए हैं। वहीं आवारा कुत्तों के आतंक ने एक दर्दनाक घटना को अंजाम दिया है। उत्तर प्रदेश के कुशीनगर जिले में आवारा कुत्तों के झुंड ने एक 30 वर्षीय मानसिक रूप से विक्षिप्त महिला को नोच-नोच कर मार डाला। पुलिस ने यह जानकारी दी। यह घटना मंगलवार रात हाटा थाना क्षेत्र के अर्जुन डुमरी गाँव में हुई। हाटा के एसएचओ रामसहाय चौहान ने बताया कि उन्हें शाम करीब 7 बजे सूचना मिली कि माधुरी का शव ग्राम पंचायत भवन के पास एक धान के खेत में पड़ा है और आवारा कुत्ते उस पर हमला कर रहे हैं। पुलिस ने बताया कि यह घटना मंगलवार रात हाटा थाना क्षेत्र के गांव अर्जुन डुमरी में हुई। हाटा के थाना प्रभारी रामसहाय चौहान ने बताया कि शाम करीब सात बजे उन्हें सूचना मिली कि माधुरी (30) नामक एक महिला का शव ग्राम पंचायत भवन के पास धान के खेत में पड़ा है और आवारा कुत्ते उसे नोच रहे हैं। पुलिसकर्मी मौके पर पहुंचे, कुत्तों को भगाया और शव को कब्जे में ले लिया। थाना प्रभारी ने बताया कि महिला मानसिक रूप से विक्षिप्त थी और संभवत : मंगलवार को किसी कारणवश पंचायत भवन के पीछे गई होगी, जहां उसकी मौत हो गई। बाद में कुत्ते शव को नोचते देखे गए। ग्रामीणों ने बताया कि महिला अक्सर गांव में घूमती रहती थी, लेकिन सोमवार को वह लापता हो गई। उसके परिवार ने उसे काफी तलाशा, लेकिन उसका कुछ पता नहीं चल सका। उन्होंने बताया कि मंगलवार को उसका शव धान के खेत में मिला, जिसे कुत्ते नोच रहे थे। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि आवारा कुत्ते इलाके में खतरा बने हुए हैं और ग्रामीणों ने एक साल पहले एक गाय और एक बकरी पर कुत्तों द्वारा किए गए हमलों की घटनाओं का हवाला दिया।

## महाराष्ट्र में अब मीट बैन पर नया बवाल, ओवैसी ने बताया असंवैधानिक

### अजित पवार ने भी उठाए सवाल



**नई दिल्ली/ मुंबई, एजेंसी।** स्वतंत्रता दिवस (15 अगस्त) और कृष्ण जन्माष्टमी के मौके पर महाराष्ट्र के नागपुर, कल्याण डोंबिवली और मालेगांव में मांस की दुकानें बंद रखने के आदेश पर राज्य में नया बवाल शुरू हो गया है। पहले तो शिवसेना ने इस पर आपत्ति जताई, फिर हैदराबाद के सांसद असदुद्दीन अवौसी ने इस पर सवाल उठाते हुए इसे असंवैधानिक करार दिया और अब महाराष्ट्र सरकार में उप मुख्यमंत्री अजित पवार ने भी इस आदेश पर सवाल उठा दिए हैं। एनसीपी नेता अजित पवार ने 15 अगस्त को बूचड़खानों और मांस बिक्री करने वाली दुकानों को बंद करने के कुछ स्थानीय निकायों के आदेश पर नाराजगी जाहिर करते हुए कहा है कि इस तरह का प्रतिबंध लगाना गलत है।

पवार ने कहा कि इस तरह के प्रतिबंध आमतौर पर आषाढ़ी एकादशी, महाशिवरात्रि, महावीर जयंती आदि जैसे मौकों पर धार्मिक संवेदनशीलता को ध्यान में रखते हुए लगाए जाते हैं। उन्होंने कहा कि महाराष्ट्र में लोग शाकाहारी और मांसाहारी दोनों तरह का भोजन करते हैं। पवार ने मंगलवार को संवाददाताओं से कहा, ''इस तरह का प्रतिबंध लगाना गलत है। बड़े शहरों में विभिन्न जातियों और धर्मों के लोग रहते हैं। अगर यह भावनात्मक मुद्दा है तो लोग इसे (प्रतिबंध को) एक दिन के लिए स्वीकार कर लेते हैं लेकिन अगर आप महाराष्ट्र दिवस, स्वतंत्रता दिवस और गणतंत्र दिवस पर ऐसे आदेश जारी करते हैं तो यह मुश्किल है।''

### ओवैसी ने की कड़ी निंदा, असंवैधानिक बताया

एआईएमआईएम सांसद ओवैसी ने ग्रेटर हैदराबाद नगर निगम सहित भारत भर के कई नगर निगमों द्वारा 15 अगस्त को स्वतंत्रता दिवस के मौके पर बूचड़खानों और मांस की दुकानों को बंद करने के आदेश की कड़ी निंदा की है। उन्होंने सोशल मीडिया एक्स पर एक पोस्ट में लिखा है, ऐसा लगता है कि भारत भर के कई नगर निगमों ने 15 अगस्त को बूचड़खाने और मांस की दुकानें बंद रखने का आदेश दिया है। दुर्भाग्य से जीएचएमसीऑनलाइन ने भी ऐसा ही आदेश दिया है। यह कठोर और असंवैधानिक है। ओवैसी ने आगे लिखा, मांस खाने और स्वतंत्रता दिवस मनाने के बीच क्या संबंध है? तेलंगाना के 99प्रतिशत लोग मांस खाते हैं। ये मांस प्रतिबंध लोगों के स्वतंत्रता, निजता, आजीविका, संस्कृति, पोषण और धर्म के अधिकार का उल्लंघन करते हैं।

### छत्रपति संभाजीनगर महानगर पालिका ने भी लगाया बैन

छत्रपति संभाजीनगर महानगर पालिका ने भी त्योहारों के मद्देनजर दो दिन यानी 15 और 20 अगस्त को शहर की सीमा के भीतर बूचड़खानों एवं मांस की दुकानों को बंद करने की घोषणा की है। इसमें कहा गया है कि 15 अगस्त को गोकुल अष्टमी और 20 अगस्त को जैन समुदाय के प्रमुख त्योहार 'पर्युषण पर्व' के अवसर पर बूचड़खानों एवं मांस की दुकानों को बंद करने का आदेश दिया गया है। महानगर पालिका ने आदेश के उल्लंघन करने पर कार्रवाई की चेतावनी दी है। इससे पहले, कल्याण डोंबिवली महानगरपालिका (केडीएमसी) की ओर से भी स्वतंत्रता दिवस पर मांस की बिक्री पर प्रतिबंध लगाने का आदेश जारी किया था।

## यास्तिका और राधा चमकी, भारत ए ने ऑस्ट्रेलिया ए को तीन विकेट से हराया



**ब्रिस्बेन, एजेंसी।** यास्तिका भाटिया के अर्धशतक और कप्तान राधा यादव की अगुवाई में गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन से भारत ए ने बुधवार को यहां पहले महिला एकदिवसीय क्रिकेट मैच में आस्ट्रेलियाई टीम को 48 गेंद शेष रहते हुए तीन विकेट से हरा दिया। इस जीत से भारत अब तीन मैचों की श्रृंखला में 1-0 से आगे हो गया है।

बाएं हाथ की स्पिनर राधा ने 45 रन देकर तीन विकेट लिए, जिससे भारत ए ने ऑस्ट्रेलिया ए को 47.5 ओवर में 214 रन पर समेट दिया। भारतीय टीम ने इसके बाद भाटिया (70 गेंदों पर 59 रन) की अगुवाई में बल्लेबाजों के अच्छे प्रदर्शन से 42 ओवर में लक्ष्य हासिल कर लिया। भाटिया ने शेफाली वर्मा (31 गेंदों पर 36 रन) के साथ अच्छी शुरुआत की और पहले विकेट के लिए केवल 10.4 ओवर में 77 रन जोड़े। शेफाली के सियाना जिंजर की गेंद पर आउट होने के बाद भाटिया ने धारा गुज्जर (53 गेंदों पर 31 रन) के साथ मिलकर दूसरे विकेट के लिए 63 रन जोड़े जिससे भारत ने 23.3 ओवर में एक विकेट पर 140 रन बना लिए। लेकिन गुज्जर और भाटिया जल्दी-जल्दी आउट हो गई, जिससे भारत ए का स्कोर तीन विकेट पर 157 रन हो गया। ऑफ स्पिनर एला हेवर्ड (46 रन पर दो विकेट) ने फिर 30वें और 32वें ओवर में तेजल हसब्निस और तनुश्री सरकार को आउट कर दिया, जिससे मेहमान टीम का स्कोर पांच विकेट पर 166 रन हो गया। राघवी बिष्ट (34 गेंदों पर नाबाद 25 रन) ने ऐसे समय में जिम्मेदारी संभाली और टीम को लक्ष्य तक पहुंचने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इससे पहले अनिका लियरयोड (90 गेंदों पर नाबाद 92 रन) और रशेल ट्रेनमैन (62 गेंदों पर 51 रन) की ठोस पारियों के बावजूद ऑस्ट्रेलिया बड़ा स्कोर बनाने में नाकाम रहा।

## मुझे उनके खिलाफ गेंदबाजी करने में मजा नहीं आयाः वाशिंगटन सुंदर



**नई दिल्ली, एजेंसी।** तमिलनाडु में जन्मे ऑलराउंडर वाशिंगटन सुंदर ने आईपीएल के 2017 सीजन में राइजिंग पुणे सुपरजायंट्स के लिए खेलते हुए अपनी कुछ यादे साझा की। वह स्टीव स्मिथ की कप्तानी वाली उस टीम में खेले थे जिसमें दिग्गज एमएस धोनी भी शामिल थे।

पिछले कुछ वर्षो में सुंदर को भविष्य का सितारा माना जा रहा है। नए मुख्य कोच गौतम गंभीर के नेतृत्व में उन्हें ज्यादा खेलने का मौका मिल रहा है। सुंदर टेस्ट टीम में नियमित रूप से खेलते है और अन्य प्रारूपो में भी अच्छा प्रदर्शन कर रहे है। इंग्लैंड के एक सफल दौरे के बाद सुंदर ने खुलासा किया कि उन्हें 2017 में कोलकाता नाइट राइडर्स के लिए खेलने वाले गंभीर को गेंदबाजी करने में मजा नही आया। एक इंटरव्यू में सुंदर ने कहा, उनकी जर्सी के पीछे भी नंबर 5 लिखा था मेरी तरह। और जाहिर है कि वह एक बाए हाथ के बल्लेबाज थे, जो बेहद शानदार थे। बस एक चीज जो मुझे पसंद नही आई, वह थी आईपीएल में उनको गेंदबाजी करना। वह मेरे खिलाफ बेहद कामयाब रहे, लेकिन वह एक बेहतरीन इंसान भी है। उन्हें हम सब पर इतना भरोसा था कि हम हर समय लड़ेगे और मैच जीतेंगे। सीरीज के अंत में उन्हें खुश देखकर वाकई खुशी हुई। अपने पहले आईपीएल सीजन में सुंदर ने 11 मैचो में 23.12 की औसत से 8 विकेट लिए। पहली बार जब सुंदर ने आईपीएल मैच में गंभीर को गेंदबाजी की तो गंभीर ने 46 गेंदो पर 62 रन बनाए।

## दिग्गज टेनिस खिलाड़ी वीनस विलियम्स बनेंगी बार्बी डॉल

**नई दिल्ली, एजेंसी।** वीनस विलियम्स जल्द ही 'बार्बी डॉल' के रूप में नजर आएगी। इस गुड़िया निर्माता कंपनी ने प्रेरणादायी महिलाओं की अपनी सीरीज में वीनस को लेकर 'बार्बी डॉल' बनाई है जिसे शुक्रवार को जारी किया जाएगा।

दिग्गज टेनिस खिलाड़ी वीनस विलियम्स जल्द ही 'बार्बी डॉल' के रूप में नजर आएगी। इस गुड़िया निर्माता कंपनी ने प्रेरणादायी महिलाओं की अपनी सीरीज में वीनस को लेकर 'बार्बी डॉल' बनाई है जिसे शुक्रवार को जारी किया जाएगा। इस गुड़िया को उसी तरह की पोशाक पहनाई गई है जो वीनस ने 2007 में विंबलडन चैंपियन बनने के दौरान पहनी थी। यह वही वर्ष था जब पहली बार किसी ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट में महिलाओं को पुरुषों के बराबर पुरस्कार राशि मिली थी। इस गुड़िया की खुदरा कीमत 38 डॉलर बताई गई है, जिसमें वीनस पूरी तरह सफेद पोशाक में होंगी। उनके गले में हरे रंग का रत्न का हार, कलाई का बैंड हाथों में रैकेट और टेनिस बॉल होगी।



शुभमन गिल से हार गए बाबर आजम

# एशिया कप से पहले ही टूटा पाकिस्तान का घमंड!

**नई दिल्ली, एजेंसी।** एशिया कप तो दूर की बात है. शुभमन गिल वहां खेलेंगे, वो भी अभी साफ नहीं है. मगर, एशिया कप में 14 सितंबर को होने वाली भारत-पाकिस्तान टक्कर से पहले, शुभमन गिल ने बाबर आजम पर अपने दबदबे की कहानी जरूर लिख दी है. भारतीय क्रिकेट के प्रिंस ने पाकिस्तान क्रिकेट के स्टार बैटर को हरा दिया है. इस हार और जीत की स्क्रिप्ट क्रिकेट के मैदान पर बेशक ना लिखी गई हो. मगर इसका नाता क्रिकेट से जरूर है. शुभमन गिल ने आईसीसी प्लेयर ऑफ द मंथ का अवॉर्ड जीतने के मामले में बाबर आजम को पीछे छोड़ा है.

**शुभमन गिल कब-कब बने आईसीसी प्लेयर ऑफ द मंथ?**

जुलाई 2025 में आईसीसी प्लेयर ऑफ द मंथ बनने वाले शुभमन गिल, इससे पहले जनवरी 2023, सितंबर 2023 और फरवरी 2025 में भी ये अवार्ड जीत चुके हैं. दुनिया के दूसरे खिलाड़ियों की बात करें तो शुभमन गिल के बाद दूसरा नंबर बाबर आजम का है. उनके बाद इंग्लैंड के हैरी ब्रूक हैं, जो 2 बार आईसीसी प्लेयर ऑफ द मंथ बने हैं. इंग्लैंड के ब्रूक के अलावा, श्रीलंका के कामिंदु मेंडिस, ..श्र के मोहम्मद वसीम, बांग्लादेश के शाकिब अल हसन और भारत से जसप्रीत बुमराह और श्रेयस अय्यर ने दो-दो बार ये अवॉर्ड जीता है.

### एशिया कप में खेल सकते हैं गिल

एशिया कप के लिए भारतीय टीम का ऐलान 19 या 20 अगस्त को होने की खबर है. संभावित खिलाड़ियों में एक नाम शुभमन गिल का भी है. अगर शुभमन गिल टीम में आते हैं तो एशिया कप में बाबर आजम से उनकी सीधी टक्कर देखने को मिलेगी. भारत और पाकिस्तान के नजरिए से मुकाबला जीतने के लिए इन दोनों बल्लेबाजों का अपनी-अपनी टीमों के लिए चलना जरूरी होगा.

### ICC प्लेयर ऑफ द मंथ जीतने में बाबर से आगे निकले गिल

शुभमन गिल को जुलाई 2025 के लिए आईसीसी प्लेयर ऑफ द मंथ का अवॉर्ड दिया गया है. इस अवॉर्ड को जीतने के साथ ही उन्होंने बाबर आजम का भी वो रिकॉर्ड तोड़ दिया, जिस पर पाकिस्तान अब तक नाज करता आ रहा था. मेंस क्रिकेट में अब तक सबसे ज्यादा 3 बार आईसीसी प्लेयर ऑफ द मंथ जीतने का रिकॉर्ड बाबर आजम के नाम था. मगर शुभमन गिल ने चौथी बार उस खिताब को जीतते हुए पाकिस्तानी बल्लेबाज को पीछे छोड़ दिया है.

### 7 दिन के अंदर सरेंडर करो...

## हत्या के आरोपी पहलवान सुशील कुमार को सुप्रीम कोर्ट का आदेश, फिर जाना होगा जेल



**नई दिल्ली, एजेंसी।** जूनियर नेशनल रेसलिंग चैंपियन सागर धनखड़ की हत्या के मुख्य आरोपी और दो बार के ओलंपिक पदक विजेता सुशील कुमार की जमानत रद्द सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को कर दी। न्यायमूर्ति संजय करोल और न्यायमूर्ति प्रशांत कुमार मिश्रा की पीठ ने कुमार को जमानत देने संबंधी दिल्ली हाई कोर्ट के 4 मार्च के आदेश को रद्द कर दिया। न्यायमूर्ति करोल ने फैसले का मुख्य अंश पढ़ते हुए सागर के पिता की ओर से जमानत आदेश के विरोध में दायर याचिका को स्वीकार कर लिया। न्यायाधीश ने कहा कि कुमार को एक सप्ताह के भीतर सरेंडर करना होगा।इस बीच सुशील कुमार जमानत पर छूटने के बाद उत्तर रेलवे में अपनी ड्यूटी पर लौट आया था, लेकिन अब उसे 7 दिन के अंदर सरेंडर करना होगा और जेल जाना होगा।

**अशोक धनखड़ की याचिका पर सुप्रीम कोर्ट ने हाई कोर्ट का आदेश पलटाः** वरिष्ठ अधिवक्ता सिद्धार्थ मृदुल ने मृतक के पिता अशोक धनखड़ का प्रतिनिधित्व किया, जबकि वरिष्ठ अधिवक्ता महेश जेठमलानी सुशील कुमार की ओर से शीर्ष अदालत में पेश हुए। सुशील कुमार पर कई अन्य लोगों के साथ मिलकर 4 मई, 2021 को दिल्ली के छत्रसाल स्टेडियम की पार्किंग में कथित तौर पर एक संपत्ति विवाद को लेकर धनखड़ और उनके दो दोस्तों सोनू और अमित कुमार पर हमला करने का आरोप है।

**नेशनल पहलवान की हत्या के बाद 18 दिनों तक पुलिस से भागता रहा सुशील कुमार**

हरियाणा के रोहतक के 23 वर्षीय पहलवान धनखड़ की हमले में लगी चोटों के कारण मौत हो गई, जबकि उनके दो साथी घायल हो गए। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के अनुसार धनखड़ की मौत चोट के कारण हुई। इस घटना के बाद ओलंपियन की तलाश में बड़े पैमाने पर अभियान चलाया गया और 18 दिनों तक पंजाब, उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड और हरियाणा में भागने के बाद गिरफ्तार किया गया। दिल्ली पुलिस ने मुंडका इलाके में गिरफ्तार किया जब वह एक नेशनल स्तर के एथलीट से उधार ली गई स्कूटी पर सवार होकर नकदी लेने आया था। 23 मई, 2021 को गिरफ्तारी के बाद सुशील को रेलवे की नौकरी से निलंबित कर दिया गया और न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया, जहां वह अपनी जमानत के आदेश तक रहा।

**सुशील कुमार पर अपहरण, डकैती, हत्या और दंगा सहित कई आरोपः** दिल्ली की एक निचली अदालत ने अक्टूबर 2022 में सुशील कुमार और 17 सह-आरोपियों के खिलाफ भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की कई धाराओं के तहत आरोप तय किए, जिनमें हत्या, दंगा, आपराधिक साजिश, अपहरण, डकैती और शस्त्र अधिनियम के तहत अपराध शामिल हैं। दिल्ली पुलिस के आरोपपत्र में सुशील कुमार को इस ग्रुप का सरगना बताया गया है और आरोप लगाया गया है कि अपने घटते प्रभाव की अफवाहों से अपने अहंकार को ठेस पहुंचाने के बाद कुश्ती समुदाय में अपना प्रभाव फिर से स्थापित करने के लिए उसने यह हमला करवाया। सुशील कुमार ने इन आरोपों से इनकार किया है।

### हरभजन सिंह की अपील

# 'खून और पानी एकसाथ नहीं बह सकते, एशिया कप में पाकिस्तान से न खेले भारत'

**नई दिल्ली, एजेंसी।** पूर्व भारतीय क्रिकेटर और राज्यसभा सदस्य हरभजन सिंह ने भारतीय क्रिकेट टीम से संयुक्त अरब अमीरात में होने वाले आगामी एशिया कप टूर्नामेंट में पाकिस्तान के खिलाफ मैच का बहिष्कार करने का आग्रह किया है। हरभजन उस भारतीय चैंपियन टीम का हिस्सा थे जिसने हाल ही में हुए वर्ल्ड चैंपियनशिप ऑफ लीजेंड्स में सेमीफाइनल सहित पाकिस्तान चैंपियन टीम के साथ खेलने से इनकार कर दिया था।

भारत पहले टूर्नामेंट में जीत हासिल करने के बाद मौजूदा चैंपियन था, लेकिन कप्तान युवराज सिंह, शिखर धवन और हरभजन



सिंह जैसे खिलाड़ियों के भारत के पाकिस्तान के साथ खेलने के खिलाफ होने के कारण, भारतीय चैंपियन टीम ने सेमीफाइनल मैच छोड़ दिया और पाकिस्तान को फाइनल में जाने दिया। भारतीय टीम ने अपने चिर-प्रतिद्वंद्वी के खिलाफ ग्रुप चरण के मैच में भी खेलने से इनकार कर दिया था। फाइनल में साउथ अफ्रीका चैंपियंस ने पाकिस्तान चैंपियंस को हराकर खिताब जीता।

**देश की गरिमा के आगे क्रिकेट फीकाः हरभजन**

हरभजन सिंह ने टाइम्स ऑफ इंडिया को बताया, 'उन्हें (भारतीय टीम को) यह समझने की जरूरत है कि क्या जरूरी है और क्या नहीं। यह बिलकुल सीधी बात है। मेरे लिए, वे सैनिक जो सीमा पर खड़े हैं, जिनका परिवार अक्सर उनसे मिल नहीं पाता, जो कभी-कभी अपनी जान दे देते हैं और कभी घर नहीं लौटते, उनका बलिदान हम सबके लिए बहुत बड़ा है। उसकी तुलना में यह बहुत छोटी बात है कि हम एक भी क्रिकेट मैच खेलना नहीं छोड़ सकते। यह बहुत छोटी बात है।'

**जब तक सीमा पर तनाव, तब तक क्रिकेट नहींः हरभजन**

टेस्ट क्रिकेट में हैट्रिक लेने वाले पहले भारतीय हरभजन सिंह ने कहा, 'हमारी सरकार का भी यही यानी 'खून और पानी एक साथ नहीं रह सकते' रुख है। ऐसा नहीं हो सकता कि सीमा पर लड़ाई हो, दोनों देशों के बीच तनाव हो और हम क्रिकेट खेलने जाएं। जब तक ये बड़े मुद्दे सुलझ नहीं जाते, क्रिकेट बहुत छोटी बात है।

## आईसीसी रैंकिंग- रोहित शर्मा ने बाबर आजम को पीछे छोड़ा



**दुबई, एजेंसी।** भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने आईसीसी वनडे रैंकिंग में पाकिस्तानी बैटर बाबर आजम को पीछे छोड़ दिया है। बाबर को वेस्टइंडीज दौरे पर खराब प्रदर्शन का नुकसान हुआ है। इसमें शुभमन गिल नंबर-1 पर हैं। आईसीसी ने बुधवार को अपनी ताजा रैंकिंग जारी की। इसके अनुसार, एक दिन पहले मंगलवार, 12 अगस्त को दूसरे मैच में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 41 बॉल पर शतक बनाने वाले 22 साल के साउथ अफ्रीकी बल्लेबाज डेवाल्ड ब्रेविस को टी-20 बैटर्स की रैंकिंग में 80 स्थान का फायदा हुआ है। ब्रेविस ने नाबाद 125 रन की पारी खेली थी। वे 21वें नंबर पर पहुंच गए हैं।

ब्रेविस के अलावा, साउथ अफ्रीका के खिलाफ पहले टी-20 में 83 रनों की विस्टफोटक पारी खेलने वाले टिम डेविड 6 स्थान के उछाल के साथ 10वें स्थान पर आ गए हैं। यह टिम डेविड के करियर की बेस्ट रैंकिंग है। भारत के अभिषेक शर्मा 829 रेटिंग पॉइंट्स के साथ नंबर-1 पर हैं, जबकि जबकि तिलक वर्मा (804 रेटिंग पॉइंट्स) इंग्लैंड के फिल सॉल्ट (791 पॉइंट्स) को पीछे छोड़कर नंबर-2 पर आ गए हैं।

### सिनसिनाटी ओपन

## कार्लोस अल्काराज ने हमद मेडजेडोविक को हराया

**सिनसिनाटी, एजेंसी।** सिनसिनाटी ओपन में कार्लोस अल्काराज ने हमद मेडजेडोविक को हराकर 2025 की अपनी 50वीं जीत दर्ज की। अल्काराज ने 6-4, 6-4 से जीत दर्ज की। अल्काराज ने इस जीत के साथ ही लगातार 13वीं मास्टर्स 1000 जीत दर्ज की और एटीपी मास्टर्स 1000 इवेंट के चौथे दौर में प्रवेश किया। अल्काराज और मेडजेडोविक के बीच जब मैच की शुरुआत हुई तो कड़ी टक्कर देखने को मिली। लेकिन, कार्लोस ने मैच को धीरे-धीरे अपने पक्ष में किया। मेडजेडोविक ने 3-3 की बराबरी पर सर्विस की। सर्बिया के मेडजेडोविक ने तीन ब्रेक पॉइंट बचाए, लेकिन चौथे ब्रेक पॉइंट पर दबाव का असर दिखा। इसका फायदा कार्लोस को हुआ। अल्काराज ने 95 मिनट तक चले मैच को 6-4, 6-4 से जीता। जीत के बाद अल्काराज ने कहा, मुझे पता है कि वह वाकई एक जबरदस्त खिलाड़ी है। उसके शॉट्स को रिटर्न करना बेहद मुश्किल होता है। उसकी सर्विस भी जबरदस्त है। मुझे पता है कि उसे इधर-उधर ज्यादा दौड़ना पसंद नहीं है, इसलिए मेरी योजना उसे जितना हो सके उतना दौड़ाने की थी। अल्काराज का सामना चौथे दौर में लुका नार्डी से होगा, क्योंकि जैकब मेन्सिक के मैच के बीच में ही रिटायर होने के बाद इस इतालवी खिलाड़ी को फ्री पास मिल गया था। 22 वर्षीय अल्काराज अपने आठवें मास्टर्स 1000 खिताब की तलाश में हैं। इस बेजोड़ जीत के सिलसिले के दौरान वे मोंटे कार्लो और रोम पर कब्जा कर चुके हैं। साल के अंत में नंबर 1 की दौड़ में जैनिक सिनर पर 1,500 अंकों की बढ़त के साथ वह काफी आगे हैं। सिनसिनाटी ओपन में जहां एक तरफ सभी खिलाड़ी गर्मी से परेशान हैं, परिस्थितियों से जूझ रहे हैं, और हार मान रहे हैं। वहीं, अल्काराज आराम से जीत दर्ज कर रहे हैं। कहीं न कहीं सिनसिनाटी ओपन को वे यूएस ओपन की तैयारी के तौर पर ले रहे हैं।



## टी-20 विश्व कपः भारत ने की पड़ोसी देश की मदद, नेपाल की टीम ने बीसीसीआई के उत्कृष्टता केंद्र में अभ्यास किया

**मुंबई, एजेंसी।** बीसीसीआई ने एक्स पर लिखा, आईसीसी पुरुष टी-20 विश्व कप क्वालिफायर की तैयारी के तहत नेपाल की राष्ट्रीय टीम ने दो सप्ताह के विशेष शिविर में बीसीसीआई के उत्कृष्टता केंद्र में अभ्यास किया। नेपाल की राष्ट्रीय क्रिकेट टीम ने आईसीसी पुरुष टी-20 विश्व कप क्वालिफायर के लिए बेंगलुरु स्थित भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के उत्कृष्टता केंद्र (सीओई) में अभ्यास किया । यह भारत और नेपाल के बीच बढ़ते सहयोग का एक और उदाहरण है। बीसीसीआई पड़ोसी देश को क्रिकेट टीम के रूप में अपनी साख बेहतर बनाने में मदद कर रहा है। बीसीसीआई ने एक्स पर लिखा, आईसीसी पुरुष टी-20 विश्व कप क्वालिफायर की तैयारी के तहत नेपाल की राष्ट्रीय टीम ने दो सप्ताह के विशेष शिविर में बीसीसीआई के उत्कृष्टता केंद्र में अभ्यास किया। टीम ने सुविधाओं का पूरा उपयोग किया और आगामी चुनौतियों के लिए खुद को तैयार करने के लिए कौशल, फिटनेस और खेल की विभिन्न स्थितियों पर काम किया।




## शे होप ने की पाकिस्तान की ऐसी पिटाई, एबी डीविलियर्स भी छूटे पीछे

**नई दिल्ली, एजेंसी।** एक तीर से दो शिकार तो सुना था. मगर, वेस्टइंडीज के कप्तान शे होप ने पाकिस्तान की जैसी पिटाई की है, उसके बाद उन्होंने एक तीर से कई शिकार किए हैं. शे होप ने पाकिस्तान के खिलाफ विस्फोटक शतक लगाकर मोहम्मद रिजवान की टीम की हार तो तय की ही. इसके अलावा एबी डीविलियर्स को भी पीछे छोड़ने का काम किया. इतना ही नहीं, पाकिस्तान के खिलाफ सीरीज डिसाइडर में शे होप के जमाए शतक के बाद अब क्रिस गेल और धोनी का रिकॉर्ड भी खतरे में पड़ गया है.

शे होप ने पाकिस्तान के खिलाफ 94 गेंदों का सामना करते हुए नाबाद 120 रन बनाए. 127.65 की स्ट्राइक रेट से खेली उनकी इस इनिंग में 5 छक्के और 10 चौके शामिल रहे. ये शे होप के वनडे करियर का 18वां, जबकि पाकिस्तान के खिलाफ दूसरा शतक रहा. शे होप की इस शतक की बदौलत वेस्टइंडीज ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 50 ओवर में 294 रन बनाए, जिससे पार पाना पाकिस्तान के लिए लोहे के चने चबाने जैसा बन गया.

# पुरवा जल प्रपात में गूंजे देश भक्ति के नारे

## हर घर तिरंगा अभियान में रीवा से पुरवा तक निकाली गई तिरंगा कार रैली

**रीवा।** रीवा संभाग के सभी जिलों में हर घर तिरंगा अभियान तथा हर घर स्वच्छता अभियान जोर-शोर से चलाया जा रहा है। शासन के निर्देशों के अनुरूप रीवा जिले के विश्व प्रसिद्ध पर्यटक स्थल पुरवा जलप्रपात में हर घर तिरंगा अभियान के तहत साफ-सफाई की गई। देशभक्ति के नारों के साथ परिसर में तिरंगा रैली निकाली गई। रीवा संभाग के कमिश्नर बीएस जामोद के नेतृत्व में अधिकारियों और कर्मचारियों ने एक घंटे तक स्वच्छता के लिए स्वेच्छा से श्रमदान किया। जलप्रपात परिसर से भारी मात्रा में कचरा एकत्रित करके उसे कचरा गाड़ी के माध्यम से सुरक्षित निपटान के लिए भेजा गया। कार्यक्रम का आयोजन जिला



पर्यटन विकास समिति तथा ग्रामीण विकास विभाग द्वारा किया गया। इसके पूर्व रीवा से कमिश्नर श्री जामोद के नेतृत्व में संभागीय अधिकारियों ने तिरंगा कार रैली में शामिल होकर रीवा से पुरवा जलप्रपात पहुंचे।

इस अवसर पर कमिश्नर श्री जामोद ने कहा कि देश को अमर शहीदों के बलिदान और कठिन संघर्ष के बाद आजादी मिली। हजारों वीरों ने देश को आजाद कराने के लिए अपने प्राणों का बलिदान किया। हम सबको इस आजादी का मोल समझना चाहिए। पूरे गौरव और उल्लास के साथ देश का 79वां स्वतंत्रता दिवस 15 अगस्त को मनाएं। साथ ही वीरों को नमन करने एवं देशभक्ति की भावना को बलवती करने के लिए प्रत्येक नागरिक अपने घरों में 16 अगस्त तक शान से तिरंगा फहराए। राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा हमारी आन, बान और शान का प्रतीक है।

कमिश्नर ने कहा कि देश को विकसित और समृद्ध बनाने के लिए सभी नागरिकों का स्वस्थ रहना आवश्यक है। हमारे घर और परिवेश स्वच्छ रहेंगे तभी हम स्वस्थ रहेंगे। पुरवा जलप्रपात जैसे विश्व प्रसिद्ध पर्यटन स्थलों में अच्छी साफ-सफाई इनके सौंदर्य को दुगना कर देती है। इन स्थानों को साफ-सुथरा रखना हम सबकी जिम्मेदारी है। पर्यटन स्थलों में हम किसी भी तरह की गंदगी न फैलाएं। कचरे तथा प्लास्टिक को कचरा पेटी में ही डालें। परिवेश स्वच्छ रहने पर ही मन प्रसन्न रहता है। कमिश्नर ने सभी को स्वच्छता की शपथ दिलाई। परिसर में निकाली गई तिरंगा रैली में वंदे मातरम और भारत माता की जय के नारे गूंजते रहे। रैली में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी मेहताब सिंह गुर्जर, एसडीएम सिरमौर पीके पाण्डेय, संयुक्त आयुक्त सुदेश मालवीय, डिप्टी कमिश्नर श्रेयस गोखले तथा बड़ी संख्या में संभागीय अधिकारी, जिला अधिकारी एवं कर्मचारी शामिल हुए।

## श्रम विभाग आज लगाएगा नि:शुल्क नेत्र जाँच शिविर

**रीवा।** श्रम विभाग द्वारा 14 अगस्त को नवीन बस स्टैण्ड रीवा में निःशुल्क नेत्र जाँच शिविर लगाया जा रहा है। शिविर सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे तक आयोजित किया जा रहा है। जिला श्रम पदाधिकारी प्रिया अग्रवाल ने बताया कि शिविर में बसों तथा अन्य वाहनों एवं परिवहन संस्थानों में कार्यरत श्रमिकों के आंखों की निःशुल्क जाँच की जाएगी। बस एसोसिएशन तथा समस्त ट्रांसपोर्टर उनके यहाँ कार्यरत श्रमिकों के आंखों की जाँच कराकर शिविर से लाभ उठाएं।

## रजिस्ट्रीकरण अधिकारी नियुक्त

**रीवा।** मध्यप्रदेश राज्य सहकारी निर्वाचन प्राधिकारी एम.बी. ओझा द्वारा फूलमती मछुआ सहकारी समिति मर्यादित बरवाह रीवा के संचालक मंडल के सदस्यों व अन्य पदाधिकारियों को अन्य संस्थाओं में भेजे जाने वाले प्रतिनिधियों के निर्वाचन हेतु सहकारी निरीक्षक मनीष द्विवेदी को रजिस्ट्रीकरण अधिकारी नियुक्त किया गया है।

## कलेक्टर ने अधिकारियों को स्वतंत्रता दिवस समारोह की तैयारियों के दिए निर्देश

**रीवा।** जिले भर में आगामी 15 अगस्त को स्वतंत्रता दिवस पूरे उल्लास और उमंग के साथ मनाया जाएगा। मुख्य समारोह एसएएफ मैदान में सुबह 9 बजे मुख्य अतिथि द्वारा ध्वजारोहण से आरंभ होगा। कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने जिला स्तरीय स्वतंत्रता दिवस समारोह की तैयारियों के संबंध में अधिकारियों को निर्देश दिए हैं। कलेक्टर ने कहा है कि कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण विभाग एसएएफ मैदान में परेड तथा अन्य कार्यक्रमों के लिए मैदान को समतल करके पूरी तरह से तैयार कर दें। बारिश को देखते हुए जीरो साइज की गिट्टी से गड्ढों में भराव करके लकड़ी के बुरादे का ट्रैक में छिड़काव की व्यवस्था रखें जिससे परेड में किसी तरह की कठिनाई न हो। कलेक्टर ने कहा है कि सहायक आयुक्त नगर निगम रीवा मुख्य कार्यक्रम स्थल तथा शहर की साफ-सफाई की व्यवस्था सुनिश्चित करें। एसएएफ मैदान में मुख्य समारोह के लिए अतिथियों के बैठने के लिए 2500 कुर्सियों, सोफे एवं वाटरप्रूफ पंडाल की व्यवस्था करें। जिस मंच से ध्वजारोहण किया जाना है वहाँ वर्षा से बचाव की समुचित व्यवस्था करें। फाइनल रिहर्सल तथा मुख्य समारोह में साउंड की समुचित व्यवस्था रखें। अधीक्षण यंत्री विद्युत मण्डल समारोह के दौरान बिजली की निर्बाध आपूर्ति तथा पावर बैकअप के रूप में जनरेटर की व्यवस्था करें। सहायक संचालक उद्यानिकी मंच की साज-सज्जा के लिए गमले तथा फूलों की व्यवस्था सुनिश्चित करें। समारोह में हर घर तिरंगा अभियान तथा स्वाधीनता दिवस की थीम पर सांस्कृतिक कार्यक्रम शामिल होंगे। जिला शिक्षा अधिकारी सांस्कृतिक कार्यक्रमों की व्यवस्था करें। सांस्कृतिक कार्यक्रम में शामिल गीत और नृत्य स्वतंत्रता दिवस की गरिमा के अनुकूल रहे।

# जिले भर में हर घर तिरंगा अभियान की धूम, जगह-जगह निकाली गई रैलियाँ

**रीवा।** जिले भर में हर घर तिरंगा अभियान और हर घर स्वच्छता अभियान जोर-शोर से चलाया जा रहा है। अभियान के तहत स्कूल, आंगनवाड़ी केन्द्र, ग्राम पंचायत, जनपद शिक्षा केन्द्र, शासकीय कार्यालय, स्वास्थ्य केन्द्र तथा महाविद्यालयों में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। जगह-जगह साफ-सफाई अभियान के साथ देशभक्ति के गीतों और नारों को बुलंद करते हुए तिरंगा रैली निकाली जा रही हैं। अभियान के तहत शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रायपुर कर्चुलियान, कन्या हाईस्कूल गुढ़ तथा कन्या उमावि सिरमौर में छात्राओं ने देशभक्ति के गीत गाते हुए तिरंगा रैली निकाली और आकर्षक रंगोली बनाई। परिसर मंन पौधे भी रोपित किए गए। अभियान के तहत संदीपनि उमावि सिरमौर तथा शासकीय उमावि गंगहरा में विद्यार्थियों ने तिरंगा रैली निकाली। शासकीय महाविद्यालय मऊगंज और हनुमना में विद्यार्थियों तथा प्राध्यापकों ने तिरंगा रैली निकाली। जिले भर के आंगनवाड़ी केन्द्रों में कार्यकर्ता एवं सहायिकाओं द्वारा रंगोली बनाकर महिलाओं की रैली निकालकर हर घर तिरंगा अभियान, हर घर स्वच्छता अभियान का संदेश दिया जा रहा है। जनपद पंचायत जवा में तिरंगा रैली निकालकर स्वच्छता का संदेश दिया गया। जनपद पंचायत के तहत सभी ग्राम पंचायतों में भी रैलियों का आयोजन किया गया।

## रीवा संभाग में अब तक 887 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज

**रीवा।** रीवा संभाग में एक जून से अब तक 887.95 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है। संभाग में इस अवधि में रीवा जिले में 661.8 मिलीमीटर, सतना में 764.4 मिलीमीटर, मैहर में 775.9 मिलीमीटर, मऊगंज में 1247.4 मिलीमीटर, सीधी में 987.2 मिलीमीटर तथा सिंगरौली जिले में 891 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई है। गत वर्ष इसी अवधि में संभाग में 596.4 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई थी। संभाग में सिंचाई के प्रमुख स्रोत बाणसागर बांध में 13 अगस्त को सुबह 8 बजे तक जल स्तर 340.74 मीटर तक पहुंच गया है।

# हर घर तिरंगा अभियान में बसामन मामा गौ अभ्यारण्य में निकाली गई तिरंगा रैली

## कमिश्नर ने बसामन मामा गौ अभ्यारण्य में की गौ पूजा

**रीवा।** हर घर तिरंगा अभियान के तहत बसामन मामा गौ अभ्यारण्य में तिरंगा रैली निकाली गई। रैली में रीवा संभाग के कमिश्नर बीएस जामोद, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती नीता कोल, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी मेहताब सिंह गुर्जर, एसडीएम पीके पाण्डेय, डिप्टी कमिश्नर श्रेयस गोखले, उप संचालक पशुपालन डॉ राजेश मिश्रा तथा बड़ी संख्या में संभागीय और जिला स्तरीय अधिकारी-कर्मचारी एवं गौसेवक शामिल हुए। देशभक्ति के नारों से गुंजायमान रैली गौ अभ्यारण्य में गौ सदन पर



समाप्त हुई। रैली के समापन के बाद कमिश्नर श्री जामोद तथा जिला पंचायत अध्यक्ष ने गौ पूजन करके गायों का सम्मान किया। गाय को गुड़, चना और ताजी घास खिलाई गई। इस अवसर पर कमिश्नर श्री जामोद ने कहा कि बसामन मामा गौ अभ्यारण्य में हजारों निराश्रित और बीमार गौवंश को आश्रय दिया गया है। गौमाता की सेवा सबसे बड़ी सेवा है। आज हर घर तिरंगा अभियान में हम सबने तिरंगा रैली निकालकर देश के वीरों को नमन करने के साथ गौसेवा भी की है। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी मेहताब सिंह गुर्जर ने कहा कि हर घर तिरंगा अभियान तथा हर घर स्वच्छता अभियान में हर नागरिक योगदान दे। अपने घर और उसके आसपास साफ-सफाई का अभियान चलाएं। अपने घरों में सम्मान और उल्लास के साथ 16 अगस्त तक तिरंगा फहराएं। हर घर तिरंगा अभियान की गूंज दूर तक सुनाई देनी चाहिए।

## प्रतिभा योजनान्तर्गत आवेदन आमंत्रित

**रीवा।** अनुसूचित जनजाति के विद्यार्थियों से प्रतिभा योजनान्तर्गत आवेदन 29 सितंबर तक आमंत्रित किये गये हैं। जिला संयोजक अनुसूचित जाति एवं जनजातीय कार्य विभाग ने बताया कि ऐसे विद्यार्थी जिन्होंने वर्ष 2024-25 में निर्धारित पाठ्क्रम में शासकीय संस्थाओं में प्रवेश लिया है तथा प्रतिभा योजना से वंचित रह गये हैं साथ ही वर्ष 2025-26 के लिये भी विद्यार्थी एमपी टास पोर्टल पर 29 सितंबर तक आनलाइन आवेदन कर सकते हैं।

# सिकल सेल मरीजों के लिए विशेष कार्यशाला का आयोजन 16 अगस्त को

**रीवा।** किरण सेवा संस्थान, रीवा द्वारा सिकल सेल जागरूकता एवं रोग नियंत्रण अभियान के तहत 16 अगस्त को प्रातः 11 बजे को सिकल सेल काउंसलिंग जोन, नेहरू नगर में विशेष कार्यशाला आयोजित की जा रही है। इस कार्यशाला का आयोजन गांधी मेमोरियल हास्पिटल के सहयोग से किया जा रहा है।

प्राध्यापक एवं विभागाध्यक्ष प्रसूति एवं स्त्री रोग विभाग डॉ. बीनू सिंह ने बताया कि कार्यशाला में सिकल सेल मरीजों के लिए निःशुल्क परामर्श, रोग प्रबंधन की आधुनिक जानकारी, पोषण एवं जीवनशैली सुधार सुझाव और आवश्यक जांच/रेफरल सुविधा उपलब्ध कराई जायेगी। विशेषज्ञ चिकित्सक रोगियों और उनके परिजनों को सही समय पर उपचार, दवा सेवन की सावधानियों और रोग से बचाव के उपायों पर मार्गदर्शन देंगे। किरण सेवा संस्थान के अध्यक्ष डॉ. अभय मिश्रा ने बताया कि संस्थान का उद्देश्य सिकल सेल मरीजों तक सही चिकित्सा, परामर्श और पोषण सहायता पहुंचाना तथा ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में इस रोग की रोकथाम और नियंत्रण के लिए जागरूकता लाना है। उन्होंने सभी सिकल सेल मरीजों और उनके परिजनों से कार्यशाला में अधिक से अधिक उपस्थिति की अपील की है।

## दिव्यांग विद्यार्थियों के लिये छात्रवृत्ति आवेदन में प्रगति लायें : कलेक्टर

**रीवा।** दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग, भारत सरकार द्वारा वर्ष 2025-26 के लिये राष्ट्रीय छात्रवृत्ति पोर्टल पर दिव्यांग विद्यार्थियों हेतु प्री-मेट्रिक, पोस्ट एवं टॉप क्लास छात्रवृत्ति योजना के आनलाइन आवेदन 25 जून से प्राप्त किये जा रहे हैं।

कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने कहा है कि पोर्टल प्रारंभ होने के एक माह उपरांत भी दिव्यांग विद्यार्थियों की संख्या अत्यंत कम है।

# नगरीय निकायों में हर घर तिरंगा अभियान में निकाली जा रही हैं तिरंगा रैलियाँ

**रीवा।** जिले के सभी नगरीय निकायों में हर घर तिरंगा हर घर स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत नगरीय निकायों में भाषण प्रतियोगिता, रंगोली तथा तिरंगा रैलियों का आयोजन



किया जा रहा है। नगर परिषद चाकघाट में विधायक त्योंथर श्री सिद्धार्थ तिवारी राज के नेतृत्व में तिरंगा रैली निकाली गई। रैली में नगर परिषद अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, पार्षदगण, एसडीएम त्योंथर पीएस त्रिपाठी, अधिकारी, कर्मचारी तथा बड़ी संख्या में आमजन शामिल हुए। नगर परिषद गुढ़ में आयोजित तिरंगा रैली में नगर परिषद अध्यक्ष अर्चना सिंह, एसडीएम गुढ़ अनुराग तिवारी, सीएमओ केएन सिंह तथा विशाल तिरंगे के साथ बड़ी संख्या में विद्यार्थी एवं आमजन शामिल हुए।

नगर परिषद त्योंथर, नगर परिषद सेमरिया तथा नगर परिषद गोविंदगढ़ में भी तिरंगा रैली निकाली गई। देशभक्ति के गीतों और नारों के साथ रैली ने नगर के प्रमुख वार्डों का भ्रमण किया।

# ग्राम पंचायतों में 15 से 20 अगस्त तक होगा विशेष ग्राम सभाओं का आयोजन

**रीवा।** रीवा और मऊगंज जिले की सभी ग्राम पंचायतों में 15 अगस्त से 20 अगस्त के मध्य विशेष ग्राम सभाओं का आयोजन किया जाएगा। इस संबंध में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी मेहताब सिंह गुर्जर ने बताया कि ग्राम सभाओं के लिए नोडल अधिकारी तैनात कर दिए गए हैं। ग्रामवार ग्राम सभाओं के आयोजन की तिथिवार तथा ग्राम पंचायतवार कार्यक्रम जारी कर दिया गया है। इन विशेष ग्राम सभाओं में सामाजिक सुरक्षा पेंशन की सूची का वाचन किया जाएगा। सूची के वाचन के बाद यदि कोई हितग्राही अपात्र पाया जाता है तो उसका नाम सूची से पृथक करने की कार्यवाही की जाएगी। ग्राम सभा में नशामुक्ति की शपथ दिलाई जाएगी। ग्राम सभा में शिशुओं तथा गर्भवती महिलाओं के पोषण एवं टीकाकरण ग्राम स्वास्थ्य योजना, सिकल सेल एनीमिया की जाँच एवं गांव को क्षयमुक्त बनाने के संबंध में प्रस्ताव पारित किए जाएंगे। ग्राम सभा में खाद्य सुरक्षा योजना की सोशल आडिट पर चर्चा मनरेगा योजना के तहत वृक्षारोपण, हैण्डपंपों में रिचार्ज पिट बनाने, दिव्यांग बच्चों के पुनर्वास तथा हितग्राही मूलक योजनाओं के हितलाभ प्राप्त करने वालों का सत्यापन किया जाएगा।

# स्वतंत्रता दिवस समारोह की अंतिम रिहर्सल संपन्न

**रीवा।** स्वतंत्रता दिवस 15 अगस्त का मुख्य समारोह एसएएफ मैदान रीवा में आयोजित किया जा रहा है। समारोह की मुख्य अतिथि कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल प्रातः 9 बजे ध्वजारोहण करके परेड की सलामी लेंगी। समारोह के विभिन्न कार्यक्रमों की अंतिम रिहर्सल आयुक्त नगर निगम डॉ सौरभ सोनवड़े की उपस्थिति में की गई। इसमें परेड में शामिल सशस्त्र बलों एवं स्काउट के छात्र-छात्राओं ने शानदार मार्चपास्ट प्रस्तुत किया। आयुक्त नगर निगम ने अधिकारियों को समारोह स्थल की सुरक्षा व्यवस्था, साफ-सफाई व्यवस्था, बैठक व्यवस्था के संबंध में निर्देश दिये तथा कहा कि वर्षा को ध्यान में रखते हुए समुचित इंतजाम किये जाय।

## संभाग स्तरीय नजूल भूमि निर्वतन समिति की बैठक 20 अगस्त को

**रीवा।** कमिश्नर श्री बी.एस. जामोद की अध्यक्षता में जिला नजूल भूमि निर्वतन समिति रीवा द्वारा प्रस्तुत प्रकरणों के निर्णय के संबंध में संभाग स्तरीय नजूल भूमि निर्वतन समिति की बैठक 20 अगस्त को शाम 4 बजे कमिश्नर कार्यालय में आयोजित की गई है। डिप्टी कमिश्नर (राजस्व) ने संबंधितों से बैठक में उपस्थिति की अपेक्षा की है।

# सेवानिवृत्त अधिकारियों, कर्मचारियों का हुआ सम्मान

रीवा

एल्डर शील्ड फाउंडेशन द्वारा आयोजित सेवानिवृत्त अधिकारियों और कर्मचारियों के सम्मान समारोह में मुख्य अतिथि रीवा संभाग के आयुक्त बीएस जामोद और विशेष अतिथि पेंशन संघ के अध्यक्ष डॉ. अशोक चतुर्वेदी रहे। इस अवसर पर सेवानिवृत्त हुए अधिकारियों और कर्मचारियों को उनके समर्पण, निष्ठा और उत्कृष्ट सेवाओं के लिए सम्मानित किया गया। समारोह में सभी अतिथियों ने सेवानिवृत्त अधिकारियों और कर्मचारियों के योगदान को समाज के लिए अमूल्य बताया और उनके अनुभव और मार्गदर्शन को भविष्य में भी उपयोगी बताया। इस अवसर पर एल्डर शील्ड फाउंडेशन के अध्यक्ष अनुराग सिंह तोमर ने कहा कि सेवानिवृत्ति एक नए अध्याय की शुरुआत है, जिसमें अनुभव और समय को समाज के कल्याण में लगाया जा सकता है। सीए हेमंत जैन द्वारा वरिष्ठ नागरिकों द्वारा किए जाने वाले सुरक्षित निवेशों के बारे में जानकारी दी गई। तरुण गुप्ता, डिप्टी वाइस प्रेसिडेंट कोटक लाइफ द्वारा सेवानिवृत्त कर्मचारियों को समय के सदुपयोग के बारे में बताया गया। सुभाषचंद्र द्वारा साइबर सिक्योरिटी के बारे में जानकारी दी।

## उप मुख्यमंत्री 15 अगस्त को आएंगे रीवा

**रीवा।** उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल 14 अगस्त को दोपहर 2 बजे भोपाल से वायुयान से प्रस्थान कर दोपहर 2.40 बजे डुमना एयरपोर्ट जबलपुर पहुंचेंगे। उप मुख्यमंत्री दोपहर 2.40 बजे कार द्वारा जबलपुर से प्रस्थान कर शाम 5.30 बजे शहडोल पहुंचकर रात्रि विश्राम करेंगे। उप मुख्यमंत्री 15 अगस्त को सुबह 9 बजे गांधी स्टेडियम शहडोल में आयोजित स्वतंत्रता दिवस समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। उप मुख्यमंत्री सुबह 11.45 बजे सांझा रसोई संस्था द्वारा सिकल सेल एवं थैलेसीमिया के उपचार के लिए आयोजित रक्तदान शिविर का शुभारंभ करेंगे। उप मुख्यमंत्री इसके बाद ग्राम छतवई में आयोजित तिरंगा रैली में शामिल होकर संदीपनि विद्यालय में स्वतंत्रता दिवस पर आयोजित विशेष मध्यान्ह भोजन में शामिल होंगे।

# एड्स नियंत्रण के प्रति जागरूकता के लिये माइक्रोप्लानिंग कर शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों में कार्यक्रम आयोजित करें : कलेक्टर

रीवा। राष्ट्रीय एड्स नियंत्रण संगठन के निर्देश पर जिले में 12 अगस्त से 12 अक्टूबर तक एड्स नियंत्रण के प्रति जागरूकता के लिये सघन अभियान संचालित किया जा रहा है। संचालन के संबंध में आयोजित जिला स्तरीय बैठक में कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने निर्देश दिये कि माइक्रोप्लानिंग कर विभागों के समन्वय से शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों में सघन जागरूकता अभियान संचालित करें।

कलेक्ट्रेट के मोहन सभागार में आयोजित बैठक में कलेक्टर ने कहा कि 15 वर्ष से अधिक आयु के बच्चों, युवाओं सहित ग्रामीण क्षेत्रों एवं शहरी क्षेत्र की मलिन बस्तियों में जागरूकता



अभियान में अधिक से अधिक लोगों को जागरूक करें। महाविद्यालयों के रेड रिवन क्लब इस कार्य में सक्रिय भागीदारी निभायें तथा ग्रामीण क्षेत्रों में आयोजित होने वाले शिविरों में बीएमओ सक्रिय रहकर विभागीय समन्वय से कार्य करें। उन्होंने कहा कि एचआईबी अधिनियम का प्रचार प्रसार किया जायं ताकि जन सामान्य में एचआईबी संक्रमण के प्रति जागरूकता बढ़े व कारण एवं बचाव के तरीके, जांच से लोग जागरूक हो सकें और उपचार सेवाओं का लाभ ले सकें। बैठक में नोडल अधिकारी डॉ. अनुराग शर्मा ने बताया कि जिले में 400 ग्रामों में जागरूकता शिविर आयोजित किये जायेंगे। शहरी क्षेत्रों में मलिन बस्तियों सहित रेड रिवन क्लब व अन्य शैक्षणिक संस्थाओं के माध्यम से 15 वर्ष से 49 वर्ष आयु के व्यक्तियों को एड्स के बचाव व उपचार के लिये जागरूक किया जायेगा। जिले के 39 आयुष्मान आरोग्य मंदिरों में फ्लैक्स, बैनर के माध्यम से लोगों को जागरूक किया जा रहा है साथ ही अन्य प्रचार माध्यमों से भी लोगों में एड्स से बचाव, नियंत्रण व उपचार के प्रति जागरूक किया जायेगा।

उन्होंने बताया कि माइक्रोप्लानिंग के अनुसार शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों में महिला बाल विकास, शिक्षा विभाग, उच्च शिक्षा, सामाजिक न्याय एवं पुलिस विभाग व अन्य संस्थाओं के समन्वय से जागरूकता अभियान संचालित किया जायेगा। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. संजीव शुक्ल ने बताया कि ग्राम सभाओं के माध्यम से पंचायत सदस्यों व ग्रामीणजनों को इस अभियान की समझाइश दी जायेगी। बैठक में जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास नमन सिंह सहित संबंधित अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।





स्वत्वाधिकारी प्रकाशक एवं मुद्रक राजेन्द्र तिवारी द्वारा एस आर के प्रिंटिंग प्रेस विवि रोड खुटेही रीवा से मुद्रित कर जीडीसी के सामने उत्तरी करौदिया सीधी से प्रकाशित। संपादक-राजेन्द्र तिवारी , आर.एन.आई नं. 47589/88 , डाक पंजीयन : MP/SDL/DN/-30/2015-17, दूरभाष : 09424315633,7389444833